RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 25 | अंक : 353 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 20 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# अपमान पर संग्राम, निलंबित सांसदों की 'नो एंट्री'

## किसान, जाट समाज का अपमानः सरकार

*नई दिल्ली ( एजेंसी )। 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना के बाद संसद में सरकार और विपक्ष के बीच छिड़ी रार लगातार बढ़ती जा रही है। विपक्ष के सांसद कल्याण बैनर्जी द्वारा राज्यसभा स्पीकर जगदीप धनखड़ की मिमिक्री ने इस आग में घी डाल दिया है। अब एनडीए के सांसदों ने उपराष्ट्रपति के अपमान को लेकर विपक्षी सांसदों पर जवाबी हमला बोल दिया है। संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि विपक्ष ने किसान व जाट समाज का अपमान किया है। देश उपराष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा। विपक्ष ने पहले पीएम और राष्ट्रपति का अपमान किया है। प्रहलाद जोशी ने कहा है कि एनडीए के सांसद सदन की कार्यवाही के दौरान सदन में 1 घंटे खड़े होकर उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में मौन प्रदर्शन करेंगे।* (शेष पृष्ठ-3 पर)

## विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

### निलंबन पर विपक्ष का रूख आक्रमक

**नई दिल्ली, एजेंसी**। सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्षी सांसद संसद परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं। परिसर में मौजूद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के सामने विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसद प्रदर्शन में मौजूद हैं। संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर विपक्ष आक्रमक हो गया है। 13 दिसंबर की घटना को लेकर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसद अड़े हुए हैं। इसी बीच, सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने के आरोप में विपक्षी सांसदों को संसद (शेष पृष्ठ-3 पर)




### 20 साल से सह रहा हूं अपमान : पीएम मोदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**। सांसदों के द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की घटना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह बात कही है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने फोन कर इस घटना पर दुख जाहिर किया है। प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान यह भी कहा है कि वह भी पिछले 20 सालों से इस तरह का अपमान सह रहे हैं। इतना ही नहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घटना को निराशाजनक बताया है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, 'पीएम मोदी से टीलीफोन पर बात हुई। उन्होंने पवित्र संसद परिसर में कुछ सांसदों की घृणित नाटकीयता पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने मुझे बताया कि वह पिछले बीस वर्षों से इस तरह के अपमान सहते आ रहे हैं। भारत में उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ संसद में ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है।' (शेष पृष्ठ-3 पर)

### लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया : सोनिया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**। कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद कांग्रेस सांसदों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक की 13 दिसंबर की घटना अक्षम्य है। इस तरह की घटना को कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता है। पीएम मोदी को राष्ट्र को संबोधित करने और घटना पर अपने विचार व्यक्त करने में चार दिन से ज्यादा लग गए हैं। उन्होंने सदन के



बजाए संसद के बाहर बयान देना बेहतर समझा। ऐसा करके उन्होंने संसद का तिरस्कार किया है। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सदन की गरिमा को लेकर भी बात की। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मुंबई ब्लॉस्ट के गुनहगार टाइगर मेनन की तस्वीर आई सामने

**मुंबई ( एजेंसी )**। मुंबई में 1993 में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के गुनहगारों में से एक टाइगर मेनन से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। मेनन को पाकिस्तान ने अपने यहां पनाह दे रखी है। कराची में उसका ठिकाना है। 30 साल के बाद पहली बार 1993 में 12 अप्रैल को मुंबई में 12 जगहों पर हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मास्टरमाइंड की तस्वीर सामने आई है। कराची में स्थित उसके घर की तस्वीर भी सामने आई है। टाइगर मेनन पाकिस्तान के कराची के सबसे पॉश इलाके डिफेंस हाउसिंग आथॉरिटी में बने आलीशान बंगले में रहता है।



कराची के इस पॉश इलाके को पाकिस्तान आर्मी ने डेवलप किया है। यहां पाकिस्तान आर्मी के अफसर और अन्य बड़े सरकारी अधिकारी रहते हैं। एनआईए ने अपने दस्तावेज में टाइगर मेमन के पाकिस्तान में दो एड्रेस लिखे हुए हैं।

भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी इस बंगले में पाकिस्तान आर्मी के सुरक्षा घेरे में रहता है। पाकिस्तनी खुफिया एजेंसी ISI और सेना के अधिकारी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## घर में गुमसुम रहती थी बच्ची फांसी लगाकर दे दी जान

**नोएडा ( चेतना मंच )**। थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सलारपुर गांव में एक 14 वर्षीय किशोरी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय किशोरी घर में अकेली थी। किशोरी सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। मूल रूप से गोंडा निवासी अंग्रेज सिंह अपने परिवार सहित सलारपुर गांव में किराए पर रह रहे हैं। अंग्रेज सिंह एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। मंगलवार को वह ड्यूटी पर चले गए। घर पर उनकी पत्नी तथा 14 वर्ष से बेटी अकेली थी। शाम के समय उनकी पत्नी किसी काम से घर से बाहर चली गई। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो उन्हें किशोरी फंदे पर लटकी हुई मिली। उन्होंने पड़ोसी की मदद से किशोरी को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि किशोरी सातवीं कक्षा की छात्रा थी और पिछले कई दिनों से घर में गुमसुम रहती थी। किशोरी द्वारा किस वजह से आत्महत्या की गई है इसके बारे में परिजन भी कोई ठोस कारण नहीं बता पा रहे हैं। वहीं थाना जेवर क्षेत्र के कैलाश अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराए गए (35 वर्षीय) अबरार पुत्र नासिर खान की मौत हो गई। जनपद अलीगढ़ के नूरपुर निवासी अबरार ने अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। गंभीर स्थिति में परिजनों ने उसे उपचार के लिए जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया था।

## फ्लैट बायर्स की समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार जताया





**नोएडा ( चेतना मंच )**। नोएडा व एनसीआर के लंबित 2.40 लाख फ्लैटों की रजिस्ट्री तथा स्वामित्व स्थानांतरण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्णय की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्णय से अपने आशियानों के लिए वर्षों से आश लगाये बैठे बायरर्स को अधूरे पड़े मकान जल्द मिल पायेंगे और पजेशन, रुकी हुई रजिस्ट्री एवं सब लीजडीड (शेष पृष्ठ-3 पर)

## श्री श्याम जन्मोत्सव व संकीर्तन 23 को

**नोएडा ( चेतना मंच )**। 23 दिसंबर को श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का श्री श्याम जन्मोत्सव तथा संकीर्तन का आयोजन सेक्टर-19 के बारातघर में होगा। यह जानकारी खाटू वाले श्याम के प्रेमी संजय गोयल ने दी है। श्री गोयल ने बताया कि यह कार्यक्रम सायं 5 बजे से शुरू होगा तथा देर रात प्रभु की इच्छा तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भजन गायक वृंदावन धाम की दीदी मीनू शर्मा, पानीपत की आरती शर्मा, दिल्ली के सुनील जैन तथा गाजियाबाद के केशव मित्तल श्री खाटू श्याम का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम सेवा परिवार द्वारा किया जा रहा है।



## भाजपा नेता पर जानलेवा हमला करने वाले कुख्यात रणदीप भाटी के शूटर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )**। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 11 माह पूर्व भाजपा नेता संचित उर्फ सिंगा पंडित पर जानलेवा हमला करने वाले गैंगस्टर रणदीप भाटी गिरोह के दो शार्प शूटर को थाना बीटा-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्टल, तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए शार्प शूटरों ने रणदीप भाटी के कहने पर भाजपा नेता सिंगा पंडित पर जानलेवा हमला किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ भी जुटी हुई थी। इस मामले में उस समय जमकर राजनीति हुई थी।



ग्रेटर नोएडा जॉन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना बीटा-2 पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी गिरोह के दो सदस्य क्षेत्र में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ग्रेटर नोएडा में दूसरे दिन भी चली सीलिंग एक्सप्रेस, आवंटियों में हड़कंप

**ग्रेटर नोएडा**। ग्रेटर नोएडा के अंसल गोल्फ लिंक-1 सोसाइटी में अवैध रूप से चल रहे होटल, रेस्टोरेंट व पीजी के खिलाफ आज दूसरे दिन भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का व्यापक अभियान जारी रहा। प्राधिकरण अधिकारियों ने अभियान के तहत कल 25 होटलों को सील किया था आज सुबह भी 8 व्यवसायिक प्रतिष्ठान सील किए गए थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण डिवीजन-4 के सीनियर मैनेजर नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण अधिकारियों की टीम आज दूसरे दिन अंसल गोल्फ कोर्स लिंक-1 सोसायटी पहुंची। प्राधिकरण की टीम ने यहां फिर अवैध रूप से चलाये जा रहे होटल, रेस्टोरेंट व पीजी चलाने वाले आवंटियो के खिलाफ कार्रवाई की। (शेष पृष्ठ-3 पर)




## जेल से बाहर आते ही फिर भगाई किशोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )**। किशोरी को भगाने के आरोप में जेल से जमानत पर छूटने के बाद आरोपी युवक दोबारा किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने थाना सूरजपुर में आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं थाना फेस-2 क्षेत्र में स्कूल के लिए घर से निकली छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

मूल रूप से जनपद फर्रुखाबाद निवासी कपिल (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताएं कि वह बिरोंडी गांव में किराए पर रह रहा है। बीते 1 अगस्त को उसकी (17 वर्षीय) की बेटी को पड़ोस में रहने वाला रोहित मूल निवासी हरदोई बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस संबंध में उसके द्वारा रोहित के खिलाफ (शेष पृष्ठ-3 पर)


## चौंकाने वाली होगी भाजपा की नयी कार्यकारिणी!

### तीन महिलाओं, एक मुस्लिम, दो पंजाबी व एक नए ठाकुर चेहरे को मिलेगा स्थान

**अरुण सिन्हा**


**नोएडा**। तकरीबन तीन महीनों के अंतजार के बाद घोषित होने वाली भारतीय जनता पार्टी की नोएडा महानगर की नयी कमेटी काफी चौंकाने वाली होगी। इस कार्यकारिणी में न सिर्फ एक मुस्लिम चेहरों को जिम्मेदारी दी गयी है। बल्कि पंजाबी समाज के दो नए लोगों को जोड़ा गया है। कमेटी में तीन महिलाओं को भी अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस बार ठाकुर समाज के एक लोकप्रिय चेहरों को भी तरजीह दी गई है।

भाजपा के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार भी 22 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित होगी। जिसमें एक अध्यक्ष तथा बाकी पदों पर महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्य रहेंगे।




नयी कमेटी में दो पुराने महासचिवों के स्थान पर दो नये महासचिवों को जिम्मेदारी दी जाएगी। जिसमें एक वरिष्ठ महिला नेत्री का भी नाम शामिल है। वहीं भाजपा के एक पुराने अल्पसंख्यक समाज के कार्यकर्ता को मंत्री पद की जिम्मेदारी से नवाजा जाएगा। इस कमेटी में कई प्रमुख संगठनों की कमान संभाल रहे एक लोकप्रिय ठाकुर चेहरे को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। दो नयी महिला कार्यकर्ताओं को मंत्री पदों से नवाजा जाएगा। दो नये पंजाबी चेहरों को भी नयी कमेटी में मंत्री पदों पर समाहित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी व कोषाध्यक्ष पदों पर फेरबदल नहीं होने की जानकारी है। ओबीसी मोर्चा के एक शीर्ष पदाधिकारी को भी कमेटी में शामिल किया जा रहा है। कुल मिलाकर नयी कमेटी में प्रदेश हाईकमान के निर्देश के तहत हर जाति व समाज को समुचित स्थान दिया जाएगा।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक शीघ्र ही भाजपा नोएडा महानगर की नयी कार्यकारिणी तथा नोएडा के बाकी चार मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी।

# निवेशकों का हक

एक बार फिर नई उम्मीदों के साथ करीब डेढ़ सौ निवेशकों की ओर हिमाचल ने हाथ बढ़ाया है। दुबई में बसे हिमाचली प्रवासियों के साथ मुख्यमंत्री की मुलाकात के परिणाम जनवरी के सम्मेलन में तय होंगे, लेकिन निवेश का नजरिया जरूर बदल रहा है और साधन संपन्न प्रवासी देश-प्रदेश को कुछ आर्थिक सहयोग लौटाने का जज्बा लिए हाजिर हैं। जाहिर तौर पर पर्यटन, ऊर्जा, फिल्म सिटी, मीडिया जैसे अनेक क्षेत्रों में निवेश के मायने रोजगार व प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत करेंगे। निवेश की इच्छा, संभावना व परिकल्पना अपनी जगह सही है, लेकिन इसके लिए वातावरण, संवेदना, सुविधा तथा सरल प्रक्रिया की जरूरत सदैव रहती है। यह केवल सरकार का पक्ष नहीं, बल्कि विपक्ष तथा सामाजिक, दृष्टि का संयोग होना चाहिए। उदाहरण के लिए पिछले तमाम संकल्प खंगालने होंगे ताकि पता चले कि निवेशक का उत्साह क्यों शिथिल होता रहा। अब तक की निवेश परियोजना में कुल्लू का स्की विलेज राजनीति के कारण अपनी सारी संभावनाएं खो बैठा। आश्चर्य यह कि तब फोर्ड जैसी कंपनी तीव्रता से सारी औपचारिकताएं पूरी करने जा रही थी, लेकिन बीच में देव संस्कृति का हौआ खड़ा कर दिया गया। प्रदेश आज तक एक भी एसईजेड यानी विशेष आर्थिक जोन विकसित नहीं कर पाया तो इसलिए कि सियासत के खंभे हर जगह पहरेदारी कर रहे हैं। धूमल सरकार एविएशन क्षेत्र में ऊना में विशेष आर्थिक जोन विकसित करना चाहती थी, लेकिन वहां इसके खिलाफ दूसरा पक्ष खड़ा हो गया। जाहिर तौर पर हिमाचल में अवैध कब्जों के तहत सरकारी जमीन को खुर्दबुर्द करने का एक वोट बैंक रहा है जो ऐसी परियोजनाओं के खिलाफ इस्तेमाल होता है। कुछ वर्ष पहले एमिटी विश्वविद्यालय ने धर्मशाला में पांव रखा, लेकिन तत्कालीन विधायक किशन कपूर इसके विपरीत दिखाई दिए। दूसरी ओर यही किशन कपूर जब 'अक्षर धाम' के निर्माण से एक बहुत बड़ा निवेश धर्मशाला ला रहे थे, तो उनकी परियोजना के खिलाफ अपनी ही सत्ता का रसूख खड़ा हो गया। अगर हर विधायक को निजी निवेश का राजदूत बना दिया जाए, तो हर विधानसभा क्षेत्र में कुछ तो परिवर्तन आएगा, बशर्ते सरकार व व्यवस्था पूर्ण सहयोग करे, वरना इसकी फाइल-उसकी फाइल पर भारी पड़ जाएगी या राजनीति हावी हो जाएगी। इस दिशा में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री के उस प्रयास की सराहना होनी चाहिए जहां वह हर पटवार सर्किल में लैंड बैंक की स्थापना पर जोर देते हैं। पाठक इस बात के गवाह हैं कि हमने हमेशा इस विषय को लेकर गांव से शहर तक हर स्थानीय निकाय के स्तर पर भूमि बैंक बनाने तथा नगर नियोजन के तहत विकास योजनाएं बनाने की सदा तरफदारी की है। इतना ही नहीं हिमाचल में निजी निवेश की सबसे बड़ी अड़चन वन एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम है जिसके तहत हिमाचल अपनी सत्तर फीसदी जमीन गंवा चुका है। ऐसे में महज तीस फीसदी भूमि पर हमें साग का खेत और सेब का बागीचा उगाना है, तो गांव से शहर तक भी बसाना है। ऐसे में निवेश या विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त वन भूमि चाहिए। पंजाब-हरियाणा अगर पांच प्रतिशत से कम भूमि में जंगल उगा कर रह सकते हैं, तो हमारे अस्तित्व में सत्तर फीसदी वन भूमि की बाड़बंदी क्यों। हमीरपुर, कांगड़ा, ऊना, मंडी, सिरमौर और बिलासपुर के कई समतल क्षेत्रों में जंगल उगाने के बजाय निवेश उगाना चाहिए या वन विभाग के जरिए ऐसा निवेश भी संभव है जहां जड़ी-बूटियां, जंगली खाद्य पदार्थ, फल-फूल के पौधे, चाय और काफी की प्लांटेशन तथा केनफ जैसी झाडियां उगा कर फर्नीचर, बिल्डिंग मैटीरयल व वैकल्पिक लकड़ी पैदा की जा सकती है। इसी तरह हिमाचल में धारा 118 के पंजे में फंसी प्रक्रिया निवेश की सहजता को कठोर शीर्षासन की पटकथा बना देती है। अभी अभी मंत्रिमंडल में शामिल राजेश धर्माणी अगर हाई-वे के साथ नए औद्योगिक क्षेत्रों की संभावना देख रहे हैं, तो यह दौड़ निवेश केंद्रों के रूप में पूरी होनी चाहिए ताकि कहीं आधुनिक बाजार, कहीं हाई-वे पर्यटन, कहीं मनोरंजन पार्क और कहीं ट्रांसपोर्ट नगर निवेशकों को सुविधाजनक स्थान व अवसर दें।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वही मेरा सेवक है और वही प्रियतम है, जो मेरी आज्ञा माने। हे भाई! यदि मैं कुछ अनीति की बात कहूँ तो भय भुलाकर ( बेखटके ) मुझे रोक देना॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बड़ें भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा॥**
**साधन धाम मोच्छ कर द्वारा। पाइ न जेहिं परलोक सँवारा॥**

बड़े भाग्य से यह मनुष्य शरीर मिला है। सब ग्रंथों ने यही कहा है कि यह शरीर देवताओं को भी दुर्लभ है (कठिनता से मिलता है)। यह साधन का धाम और मोक्ष का दरवाजा है। इसे पाकर भी जिसने परलोक न बना लिया।

**दो0- सो परत्र दुख पावइ सिर धुनि धुनि पछिताइ।**
**कालहि कर्महि ईस्वरहि मिथ्या दोष लगाइ॥**

वह परलोक में दुःख पाता है, सिर पीट-पीटकर पछताता है तथा (अपना दोष न समझकर) काल पर, कर्म पर और ईश्वर पर मिथ्या दोष लगाता है॥

**एहि तन कर फल बिषय न भाई। स्वर्गउ स्वल्प अंत दुखदाई॥**
**नर तनु पाइ बिषयँ मन देहीं। पलटि सुधा ते सठ बिष लेहीं॥**

हे भाई! इस शरीर के प्राप्त होने का फल विषयभोग नहीं है (इस जगत के भोगों की तो बात ही क्या) स्वर्ग का भोग भी बहुत थोड़ा है और अंत में दुःख देने वाला है। अतः जो लोग मनुष्य शरीर पाकर विषयों में मन लगा देते हैं, वे मूर्ख अमृत को बदलकर विष ले लेते हैं॥

**ताहि कबहुँ भल कहइ न कोई। गुंजा ग्रहइ परस मनि खोई॥**
**आकर चारि लच्छ चौरासी। जोनि भ्रमत यह जिव अबिनासी॥**

जो पारसमणि को खोकर बदले में घुँघची ले लेता है, उसको कभी कोई भला (बुद्धिमान) नहीं कहता। यह अविनाशी जीव (अण्डज, स्वेदज, जरायुज और उद्भिज्ज) चार खानों और चौरासी लाख योनियों में चक्कर लगाता रहता है॥

**फिरत सदा माया कर प्रेरा। काल कर्म सुभाव गुन घेरा॥**
**कबहुँक करि करुना नर देही। देत ईस बिनु हेतु सनेही॥**

भावार्थ-माया की प्रेरणा से काल, कर्म, स्वभाव और गुण से घिरा हुआ (इनके वश में हुआ) यह सदा भटकता रहता है। बिना ही कारण स्नेह करने वाले ईश्वर कभी विरले ही दया करके इसे मनुष्य का शरीर देते हैं॥ क्रमशः....

# संसद में फैलाये गये धुएं पर हो रही राजनीति से साजिश की दुर्गंध आ रही है

लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। रचनात्मक विरोध होना लोकतंत्र को और भी अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है। लेकिन अभी हाल ही में लोकसभा के अंदर जिस प्रकार से कुछ लोगों ने विरोध किया, उसे लेकर कई प्रकार के सवाल भी उठ रहे हैं। तथ्यात्मक बात यह है कि विपक्षी राजनीतिक दलों ने आरोपियों पर कार्यवाही के बजाय सरकार को निशाने पर लिया है। हालांकि यह सच भी है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है। इसलिए सरकार की ओर से इस मामले जिम्मेदारी वाला व्यवहार किया जाना चाहिए, लेकिन विपक्ष का रवैया भी देश हित का होना चाहिए। क्योंकि नाकामी को लेकर राजनीति करना देश घातक होती है। देश के प्रति जिम्मेदारी सभी की है। यहां सुरक्षा में चूक तो है ही, पर आरोपियों का व्यवहार और तरीका भी पूरी तरह से अनुचित ही था।



**विपक्ष का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है।**

वर्तमान में देश की सभी समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लेना एक आम बात होती जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता की मर्यादाओं को भी लांघने का कृत्य भी ज्यादा कदा दिखाई देता है। यह बात सही है कि विविधता वाले भारत देश में कोई एक बात सबको सही लगे, यह हो ही नहीं सकता, लेकिन लोकतंत्र यही कहता है कि उस बात को चाहने वाले अधिक हैं तो बड़ी खुशी के लिए छोटे दुख को तिरोहित कर देना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थ व्यक्ति को अधिकांशतः गलत मार्ग पर ही ले जाने के लिए प्रेरित करता है। व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर उठाया गया कदम कुछ हद तक सांत्वना दी सकता है, लेकिन जिससे अधिकांश समाज को लाभ मिलता है, वह आने वाले समय में हमारे लिए भी सकारात्मक प्रमाणित होता है।

विपक्ष का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है। विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले सवाल जायज हैं, लेकिन सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक रूप से उठाना अत्यंत गंभीर है। विपक्षी दल के सांसद भी देश की संसद का हिस्सा हैं, इसलिए उनकी भी भारत की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जिम्मेदारी कम नहीं होती। सरकार के हर कदम की आलोचना करना मात्र ही राजनीति नहीं होती। राजनीति में देश भाव दिखना चाहिए।

आज देश का राजनीतिक वातावरण एक प्रकार से प्रदूषित जैसा दिखाई देता है। देश में इस राजनीतिक प्रदूषण के लिए हर राजनीतिक दल जिम्मेदार है। क्योंकि आज के राजनीतिक दल एक दूसरे को नीचा दिखाने और स्वयं को स्थापित करने की राजनीति करते दिखाई देते हैं।

वास्तविकता यह है कि इस प्रकार की राजनीति किसी भी प्रकार से देश हितैषी नहीं कही जा सकती, लेकिन सवाल यह भी है की संसद की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए कुछ लोग असंसदीय हरकत कर देते हैं। यह घटना सरकार के सुरक्षा इंतजामों पर गहरे सवाल अंकित करती है। अगर विपक्षी दल सरकार के गृह मंत्री पर सवाल उठाते हैं तो इसमें गलत क्या है। गृह मंत्री को जवाब देना ही चाहिए। क्योंकि गृहमंत्री जवाब नहीं देंगे तो कौन देगा? यहां पर सवाल यह भी आता है कि अगर गृह मंत्री जवाब देने के लिए आते हैं तो क्या विपक्ष उनको सुनने को तैयार होगा? यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है कि कई बार विपक्षी दल चर्चा से भागे हैं। हालांकि सुरक्षा बलों ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार होने वाले आरोपियों से पूछताछ हो रही है।

इस घटना को चाहे कुछ भी रूप दिया जाए, लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि यह सभी मोदी सरकार के विरोधी हैं। विपक्षी दल इन आरोपियों के बारे में यह वकालत करते दिखते हैं कि वह बेरोजगारी के कारण मोदी सरकार से दुखी थे, और वे सरकार के विरोध में आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। परंतु विपक्षी दलों को यह भी समझना चाहिए कि क्या आक्रोश व्यक्त करने का यह तरीका ठीक था? इसका प्रथम दृष्टया उत्तर यही होगा कि विरोध करने का स्थान संसद नहीं होना चाहिए। जैसे विरोध के अन्य आंदोलन होते हैं, वैसे ही लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना चाहिए। यहां एक सवाल यह भी आ रहा है कि जो विरोध करने वाले हैं, उनको संबल कौन दे रहा है? क्या भाजपा के वे सांसद उनको संबल दे रहे हैं, जिन्होंने उनका पास बनवाने में सहयोग किया, या फिर यह भी विरोधियों की साजिश का हिस्सा है। क्योंकि एक सांसद अपनी ही सरकार के विरोध करने वालों को इस प्रकार का कृत्य करने की अनुमति नहीं दे सकता। और अगर यह सच है तो भाजपा के लिए और भी गंभीर बात है।

संसद में हुई घटना के निहितार्थ कुछ भी हों, लेकिन सुरक्षा का विषय कभी राजनीतिक नहीं होना चाहिए। आरोपियों की कार्यवाही के बाद लोकसभा में जिस प्रकार का दृश्य दिखाई दिया, उससे एक भय पैदा हुआ। सांसद इधर उधर भागने लगे। कुल मिलाकर आतंक की स्थिति निर्मित हो गई थी। यह एक प्रकार से सुरक्षा बलों की नाकामी ही थी। हालांकि यह और भी ब ?ी घटना हो सकती थी, क्योंकि आरोपी जिस प्रकार से संसद के अंदर पहुंचने में सफल हो गए, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि ऐसे ही खतरनाक इरादों वाले भी पहुंच सकते थे। इसके बाद फिर वैसा ही दृश्य उपस्थित होने में देर नहीं लगती, जो पूर्व में 13 दिसंबर को दिखाई दिया। यहां सवाल यह भी है कि आरोपियों ने इसी दिन को क्यों चुना? क्या इसके तार भी उस घटना से जुड़े हैं। इस बात की जांच की जानी चाहिए। खैर जो भी हो घटना को हल्के में नहीं लेना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष को भी इसकी गंभीरता समझना चाहिए। क्योंकि यह सब सुनियोजित तरीके से किया गया था। नारे लगाना और स्मोक बम फोड़ना उस स्थान पर सामान्य बात नहीं है, जहां ऐसा करना प्रतिबंधित हो। इस घटना को देश मानस के हिसाब से देखना चाहिए, राजनीतिक दृष्टि से नहीं।

**-सुरेश हिंदुस्तानी**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)

# हैट्रिक के लिए अयोध्या और हिन्दुत्व फिर से बीजेपी के एजेंडे में

हिन्दुस्तान के इतिहास में एक और नई इबारत जुड़ने जा रही है। अगले साल 22 जनवरी 2024 को जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के नवनिर्मित आलीशान मंदिर में प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो उसी के साथ पांच सौ साल का विवाद भी इतिहास के पन्नों में सिमट जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा की खबर से रामभक्त प्रसन्न हैं। वहीं इसको लेकर सियासत भी गरमाना शुरू हो गई है जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि 2024 का लोकसभा चुनाव भी रामलला के इर्दगिर्द घूमता नजर आये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिये। क्योंकि बीजेपी एक बार फिर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है। वैसे भी करीब चार दशक से अयोध्या राजनीति का केन्द्र बना हुआ है। बीजेपी रामलला के नाम पर कई चुनाव लड़ और जीत चुकी है। पूरे देश में बीजेपी का विस्तार यदि देखने को मिल रहा है तो इसकी जद में अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्रमुख भूमिका रही है। इसी के चलते भले ही आज सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा हो, लेकिन बीजेपी भी इसका श्रेय लेने में पीछे नहीं है। वह अपने वोटरों को बताती रहती है कि यदि वह नहीं होती तो रामलला का मंदिर निर्माण हो ही नहीं पाता। खास बात यह है कि बीजेपी के इस दावे पर उसके वोटर विश्वास भी करते हैं।



**राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख सामने आने के बाद प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय मंत्री रामलला से जुड़ी तमाम खबरें अपने सोशल साइट्स पर पोस्ट कर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर तमाम बीजेपी नेता भी अयोध्या से जुड़ा वीडियो शेयर करते रहते हैं।**

बहरहाल, एक तरफ बीजेपी के उत्थान में रामलला का मंदिर मील का पत्थर साबित हुआ है तो दूसरी ओर अयोध्या की सियासत के चलते कई राजनैतिक दलों को पतन का भी सामना करना पड़ा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की आज जो दुर्दशा देखने को मिल रही है, उसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि बीजेपी को छोड़कर अन्य सियासी दल अपने आप को इस सियासत में एडजेस्ट नहीं कर पाये। इसीलिए कोई भी गैर-बीजेपी दल नहीं चाहता है कि 2024 का आम चुनाव रामलला के नाम पर लड़ा जाये। इसको लेकर कई दलों में बेचैनी भी देखी जा सकती है। इसकी बानगी हाल में ही तब देखने को मिली जब उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण कोर्ट के आदेश पर हो रहा है, भारतीय जनता पार्टी की इसमें कोई भूमिका नहीं है। शिवपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति कर देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। शिवपाल का यह बयान सहारनपुर में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के सिलसिले में अपने समर्थकों से संवाद के बाद मीडिया से रूबरू होने के दौरान सामने आया। सहारनपुर के दो दिवसीय दौरे के दौरान शिवपाल ने देवबंद में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद वह मीडिया कर्मियों से रूबरू हुए। इस मौके पर शिवपाल यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। शिवपाल यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण कार्य कोर्ट के आदेश पर किया जा रहा है। भाजपा सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है। शिवपाल जैसी भाषा करीब-करीब सभी दलों के नेता बोल रहे हैं। वहीं बीजेपी वालों को इससे सियासी फायदा होता दिख रहा है।

राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अधिकांश केंद्रीय मंत्री रामलला से जुड़ी तमाम खबरें अपने सोशल साइट्स पर पोस्ट कर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर तमाम बीजेपी नेता तक अयोध्या से जुड़ा वीडियो शेयर करते रहते हैं। गौरतलब है कि इसी साल की शुरुआत में जनवरी महीने की बात है जब त्रिपुरा की एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि राहुल गांधी सुन लें जनवरी 2024 में बन जाएगा रामलला का मंदिर। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि 2019 के चुनाव के दौरान जब मैं बीजेपी का अध्यक्ष था और राहुल बाबा कांग्रेस अध्यक्ष थे। वे रोज पूछते थे मंदिर वहीं बनाएंगे तिथि नहीं बताएंगे। अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो अगले साल 1 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर आपको तैयार मिलेगा।

उधर, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी कहते हैं कि राम मंदिर का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। भारतीय हजारों वर्षों से राम की पूजा करते आ रहे हैं। अचानक, मोदी राम भक्त बन गए हैं और देश को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन के लिए केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही निमंत्रण क्यों दिया गया है? विपक्षी दलों के नेताओं ने सवाल किया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक पार्टी कार्यक्रम बन जाएगा? कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने पूछा कि क्या सिर्फ एक ही पार्टी को निमंत्रण भेजा जा रहा है? क्या यह अब एक पार्टी कार्यक्रम बन गया है? भगवान सबके हैं। हर पार्टी को निमंत्रण मिलना चाहिए था। एक तरफ गैर बीजेपी पार्टियां इस बात से गुस्से में हैं कि बीजेपी रामलला के नाम पर सियासत कर रही है वहीं बीजेपी पर्दे के पीछे से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के काम को चुनावी इवेंट बनाने में लगी है। इसी कड़ी में अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनकी चरण पादुकाएं भी रखी जाएंगी। फिलहाल ये पादुकाएं देशभर में घुमाई जा रही हैं। पादुकाएं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगी। ये चरण पादुकाएं एक किलो सोने और सात किलो चांदी से बनाई गई हैं। इन्हें हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने बनाया है। 17 दिसंबर को इन्हें रामेश्वर धाम से अहमदाबाद लाया गया था। यहां से यह सोमनाथ ज्योतिर्लिंग धाम, द्वारकाधीश नगरी और इसके बाद बद्रीनाथ ले जाई जाएंगी। श्रीचल्ला श्रीनिवास इन पादुकाओं को हाथ में लेकर अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर की 41 दिन की परिक्रमा भी कर चुके हैं।

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है, इसके लिए पटना के महावीर मंदिर में तैयारी चल रही है। अयोध्या में इस महा आयोजन में शामिल होने वाले भक्तों को अपनी राम रसोई से स्वादिष्ट भोजन कराया जायेगा। 15 जनवरी से हर महीने 6 लाख लोगों को भोजन कराने की तैयारी है। सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाली राम रसोई अयोध्या में बिहार की खास पहचान बनेगी। वहीं श्रीराम मंदिर परिसर में 10 हजार स्क्वॉयर फीट में राम रसोई बनाने का प्लान भी है। अभी राम लला के सामने स्वर्णिम दीपक भी महावीर मंदिर से भेजे गए गाय के घी से जलाया जाएगा। वहीं सात समुंदर पार अमेरिका में रह रहे हिंदू समुदाय ने वॉशिंगटन डीसी में फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड में एक कार रैली का आयोजन किया। इसके साथ ही यहां एक महीने तक राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत की हो गयी है। रैली के लिए सभी श्री भक्त अंजनेय मंदिर में इकट्ठा हुए। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक के लिए अयोध्या और हिन्दुत्व को फिर से बीजेपी ने अपने एजेंडे में शामिल कर लिया है।


**-अजय कुमार**

## राशिफल


मार्गशीर्ष शुक्ल-अष्टमी | ( विक्रम संवत् 2080 )




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
अपनों का साथ होगा। व्यावसायिक ऊर्जा का संचार होगा। व्यवसाय में तरक्की करेंगे।




**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
रुपए पैसे का आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान अच्छा है।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा )**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। आवश्यकता के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी। प्रेम-संतान भी अच्छा है।



**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार पहले से बेहतर। पीली वस्तु पास रखें।




**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
आय के नए स्त्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में लाभ होगा। पुराने स्त्रोत से भी रुपए-पैसे आएंगे।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा। व्यापार भी अच्छा रहेगा।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
चोट-चपेट लग सकती है। वाहन धीरे चलाएं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
नौकरी-चाकरी की स्थिति पहले से बेहतर होगी। स्वास्थ्य नरम-गरम,प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार अच्छा है।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
शत्रु उपद्रव संभव है लेकिन शत्रु समन भी संभव है। जीत आपकी होगी। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम-संतान ठीकठाक।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय। लिखने-पढ़ने वालों के लिए अच्छा समय। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार अच्छा।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
घरेलू सुख बाधित होगा क्योंकि गृहकलह के संकेत हैं। लेकिन भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि भी होगी।

# किसान एकता संघ ने दिया धरना



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ के कार्यकर्ता व पदाधिकारी और क्षेत्रीय किसान अपनी समस्याओं को लेकर कल 11.00 बजे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देशराज नागर व प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा,जिलाध्यक्ष पप्पे नागर के नेतृत्व में रामपुर गोल चक्कर पर एकत्रित होकर नारे बाजी करते हुए एडीएमएलए ऑफिस के बाहर पहुँचे और प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने बताया कि किसानों की पांच सूत्रीय मांगों के लेकर किसान एकता संघ के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन एडीएमएलए को सौपने के लिए एकत्रित हुए पाँच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

इस मौके पर बाली सिंह, सतीश कनारसी, वनीश प्रधान, गीता भाटी, विक्रम नागर, जगदीश शर्मा, उम्मेद एडवोकेट, मनीष नागर, कृष्ण बैसला, राजेन्द्र चौहान, दुर्गेश शर्मा, ओमवीर, कृष्ण, सतवीर, उमर प्रधान,आसू अट्टा,मोहनपाल, विदेश नागर, सुमित तोगड़, प्रेम, श्यामवीर, सुभाष, छोटे, अखिलेश प्रधान, गुड्डू नागर, आदि कार्यकर्ता, किसान मौजूद रहे।

# कंबल पाकर खिल उठे लोगों के चेहरे



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी क्लब के सदस्य सुमित माहेश्वरी ने बताया रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा बड़ती हुई ठंड को देखते हुए झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले निर्धन असहाय लोगो को नॉलेज पार्क 3 व साईं मंदिर डेल्टा 3 में कंबल का वितरण किया गया। रोटरी क्लब समय समय पर निर्धन असहाय लोगो की मदद करता रहता हे। ओर सामाजिक कार्यों में बड़ चढ़कर हिस्सा लेता हे। कंबल वितरण में कपिल शर्मा, कपिल गुप्ता, मुकुल गोयल, शुभम् सिंघल, मोहित बंसल, अशोक सेमवाल, उदित गोयल, मनीष मित्तल, सुमित माहेश्वरी, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# आनंदपुर पहुंची 'संकल्प यात्रा'




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव आनंदपुर एवं भोगपुर में कल पहुंची गांव आनंदपुर में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक श्रीचन्द शर्मा रहे श्रीचन्द शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में जुटी भीड़ ये बयाँ करती है। लोग इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ आत्मनिर्भर स्वावलंबी और स्वदेशी सामान का उपयोग करेंगे और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएंगे। और इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र भाटी भिखारी सिंह कपिल प्रधान जय चंद्र ने गांव में पांच आयुष्मान कार्ड पाँच उज्जवला गैस कनेक्शन वितरित किए गए और दूसरी तरफ गांव भोगपुर में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह भाटी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा अभियान के जिला प्रमुख रवि जिंदल कर्मवीर आर्य वीरेंद्र भाटी भिखारी सिंह गांव की प्रधान रेखा भाटीगांव में 6 आयुष्मान कार्ड साथ उज्वला योजना के कनेक्शन बांटे गए भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गांव निवासी चंद्रभान प्रेमचंद ओम प्रकाश जगदीश अशोक आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सैनी सभा का दो दिवसीय सम्मेलन हरिद्वार में आयोजित




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय सैनी सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक का आयोजन सैनी आश्रम ज्वालापुर जिला हरिद्वार उत्तराखंड में किया गया सर्वप्रथम महाराजा भागीरथ, महाराजा शूर सैनी व महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर तथा उनको पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद वंदे मातरम के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार सैनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया उसके बाद राष्ट्रीय महासचिव जय भगवान सैनी ने राष्ट्रीय सैनी सभा की प्रगति रिपोर्ट पेश की।

समाज में फैली कुर्तियां जैसे नशा, मृत्यु भोज, दहेज प्रथा आदि को मिटाने, सामाजिक एकता स्थापित करने, संगठनों में युवाओं की भागीदारी निश्चित करने तथा संगठन के विस्तार और लोकसभा चुनाव में संगठित होकर अधिक सीटों पर अपना दावा पेश करने आदि विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखें और उन पर गंभीरता से विचार किया गया। अंत में अध्यक्ष ने सभी प्रदेशों से आए हुए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए सभा की समाप्ति की घोषणा की तथा संगठन में रुड़की ब्लॉक के अध्यक्ष अमित सैनी तथा खानपुर ब्लॉक के अध्यक्ष लव कुमार सैनी की कुछ समय पहले आकस्मिक निधन से संगठन को बहुत हानि हुई उन्हें 2 मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

दूसरे दिन का कार्यक्रम यज्ञ करने के साथ आरंभ हुआ। उसके बाद महाराज शूरसैनी जयंती धूमधाम से मनाई गई ।

राष्ट्रीय कार्यकरिणी के अध्यक्ष एवं महासचिव के लिए चुनावी प्रक्रिया का कार्य आरंभ हुआ। राजस्थान से आए अजय सैनी ने अपनी व्यक्तिगत राय रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नरेश सैनी व राष्ट्रीय महासचिव के लिए जय भगवान सैनी का नाम प्रस्तुत किया। उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ उनका समर्थन किया और इस प्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नरेश कुमार सैनी तथा राष्ट्रीय महासचिव के लिए जय भगवान सैनी को नियुक्त किया गया तथा उत्तराखंड प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में राजेश सैनी की नियुक्ति की गई।

अंत में राजेश सैनी ने सभी अतिथियों का उत्तराखंड के आगमन पर धन्यवाद किया। राष्ट्रीय महासचिव और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को साथ लेकर चलकर संगठन, समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का आश्वासन दिया।

# जनवादी महिला समिति ने दी श्रद्धांजलि



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की लोकल कमेटी ने स्वर्गीय श्रीमती सुशीला गोपालन 22 में पुण्यतिथि पर उनको शत-शत नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का प्रण लिया उनके आदर्श थे की महिलाओं के खिलाफ हम शोषण अत्याचार नहीं सहेंगे।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से तेजवीर को किया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आदर्श गांव दुजाना में उम्मीद संस्था एवं भाकियू (अंबावता) ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित तेजवीर नागर का जयपाल सिंह की अध्यक्षता में फूल माला सम्मानित किया। उम्मीद संस्था के संस्थापक एवं संयोजक डॉ देवेंद्र कुमार नागर ने बताया कि यह सम्मान उन्हें बड़े बुजुर्गों तथा दिव्यांगों को सरकारी सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए मिला है तेजवीर नागर ने कहा कि उम्मीद संस्था के साथ मिलकर भविष्य में जरूरतमंद लोगों की सेवा करते रहेंगे।

उम्मीद संस्था के महासचिव जागेश कुमार तथा किसान संगठन अंबावता के दादरी तहसील अध्यक्ष राजकुमार रूपवास ने कहा कि क्षेत्र में दिव्यांगों तथा बुढ़ापा पेंशन वीड़ा पेंशन बंधवाना आदि लाभो की योजना,का सदैव हमारी प्राथमिकता रहेगी।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जयपाल सिंह, मास्टर ब्रह्म सिंह, रामपाल सिंह,मास्टर हुकम सिंह आर्य, लीलू आर्य ,जागेश कुमार, किसान नेता राजकुमार रूपबास, डॉक्टर देवेंद्र कुमार नागर, राजे सिंह, सूर्य प्रताप चौधरी अरुण वरुण आदि लोग उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** ई–प्रापण निविदा संख्या: उप मु. इं.-नि.-मुख्या.-20-2023, दिनांक: 15-12-2023, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के गोरखपुर छावनी से वाल्मिकिनगर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत कप्तानगंज (रहित) से पनियहवा (सहित) खण्ड के मध्य रखरखाव एवं बैरिकेडिंग कार्य के सम्बन्ध में। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 3,75,62,050/-, बयाना राशि (रू.): ₹ 3,37,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 30 (तीस माह)

**नोट:** ♦ बिडिगं प्रारम्भ करने की तिथि: दिनांक 18-01-2024, ♦ उपरोक्त ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: दिनांक 01-02-2024, 15:00 बजे तक। ♦ उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 01-02-2024, 15:00 बजे। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। ♦ श्री रवि प्रकाश, सहा. कार्यपालक इंजी./निर्माण/मुख्या./गोरखपुर,मो. 9794844281

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या.**

मुजाधि/डब्लू–461 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## पृष्ठ एक के शेष....

**अपमान पर संग्राम...**

वहीं भाजपा के सांसद उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में कल देश भर में प्रदर्शन करेंगे। उधर लोकसभा सचिवालय ने एक आदेश जारी किया है कि निलंबित किए गए सांसदों को सदन के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं है। सांसदों के निलंबन और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री का मुददा लगातार गहराता जा रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुमू बोलीं–निराशा हुई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'जिस तरह से हमारे सम्मानित उपराष्ट्रपति को संसद परिसर में अपमानित किया गया, उसे देखकर मुझे निराशा हुई। निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति गरिमा और शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए। यह संसदीय परंपरा रही है जिस पर हमें गर्व है और भारत के लोग उनसे इसे कायम रखने की उम्मीद करते हैं।'

**निलंबन पर विपक्ष...**

के शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया है। जिसके बाद से ही विपक्षी सांसद आक्रमक हो गए हैं। अब तक 141 विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया है। इसी बीच, लोकसभा सचिवालय ने निलंबित सांसदों को लेकर एक सर्कुलर जारी किया है। संसद परिसर में निलंबित सांसदों के हंगामे के बीच लोकसभा सचिवालय ने एक सर्कुलर जारी किया। यह सर्कुलर निलंबित सांसदों को लेकर जारी किया गया है। जारी सर्कुलर के मुताबिक निलंबित सांसदों के संसद कक्ष में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

**20 साल से...**

उपराष्ट्रपति ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, 'मैंने उनसे (पीएम मोदी) कहा कि कुछ लोगों की हरकतें मुझे अपना कर्तव्य निभाने और हमारे संविधान में निहित सिद्धांतों को बनाए रखने से नहीं रोक सकतीं। मैं तहे दिल से उन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हूं। कोई भी अपमान मुझे अपना रास्ता बदलने पर मजबूर नहीं कर सकता है।'

**लोकतंत्र का...**

सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि इस शीतकालीन सत्र में जम्मू-कश्मीर से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ के पेश किया जा रहा है। कई लोगों द्वारा भारत के पहले प्रधानमंत्री और महान देशभक्तों को बदनाम करने के लिए इतिहास के ही साथ छेड़छाड़ की जा रही है, जो पूर्ण रूप से अस्वीकार्य है। बदनाम करने के लिए लगातार वे अभियान चला रहे हैं और इस प्रयासों का नेतृत्व पीएम और गृह मंत्री द्वारा किया जा रहा है, जिसका मोर्च वे खुद संभाल रहे हैं। अपने संबोधन में सोनिया गांधी ने कहा कि हम डरने वाले नहीं है और न ही कभी झुकेंगे। हम हमेशा सत्य का ही साथ देंगे, हम सच बोलने पर कायम रहेंगे।

साथ ही अपने संबोधन में सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। विपक्षियों की आवाज बंद करने के लिए लगातार विपक्षी सांसदों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्हें सदन की कार्यवाही से निलंबित किया जा रहा है। संसदीय इतिहास में यह पहली बार है जब इतने विपक्षी सांसद निलंबित किए गए हैं। अभी तक ऐसा कभी हुआ ही नहीं था। उचित और वैध मांग उठाने के बावजूद उन्हें निलंबित किया जा रहा है।

**मुंबई ब्लॉस्ट गुनहगार..**

टाइगर से मिलने आते रहते हैं। कराची के जिस बंगले में टाइगर मेमन रहता है उससे कुछ ही दूरी पर एक शापिंग मॉल है, जिसमें उसका एक ऑफिस भी है। वह कड़ी सुरक्षा के बीच अपने दफ्तर में कभी–कभार जाता है. वह यहीं से दाऊद इब्राहिम के ड्रग और एक्सटॉर्शन कारोबार को चलाता है। यह पूरा एरिया सीसीटीवी की निगरानी में है।

टाइगर मेमन का असली नाम इब्राहिम मेमन है. अंडरवर्ल्ड में आने के बाद उसका नाम इब्राहिम से टाइगर पड़ गया था।

**फ्लैट बायर्स की समस्या...**

तत्काल होगी साथ ही कोरोना से उत्पन्न परिस्थितियों की दृष्टिगत 01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक ब्याज में छूट का लाभ मिलेगा।

अंततः एक लंबे प्रयास के बाद एनसीआर के 2.40 लाख फ्लैट खरीददारों को रजिस्ट्री और स्वामित्व स्थानांतरण की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत सरकार द्वारा गठित नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश को लागू करने की स्वीकृति दे दी है।

नोएडा के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लिए गए इस अहम निर्णय से सभी पक्षों के हितों का ख्याल रखा गया है और लंबे समय से चले आ रहे बिल्डर्स एवं बायर्स के बीच की समस्याओं के निस्तारण को ओर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जिला आगमन तक उन्होनें सदैव बायर्स की समस्याओं को उनके समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया गया जिसका सार्थक परिणाम अब देखने को मिला। लाखों बायर्स की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति हृदय से पुन: आभार व्यक्त किया।

**ग्रेटर नोएडा में दूसरे...**

इस दौरान प्राधिकरण की टीम ने दोपहर 12 बजे तक 8 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को सील कर दिया था। खबर लिखे जाने तक प्राधिकरण का यह अभियान चल रहा था।

आपको बता दें कि प्राधिकरण के पास सोसाइटी में करीब 88 अवैध रूप से चलाए जा रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की लिस्ट है। इन्हें पूर्व में कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं । प्राधिकरण ने मंगलवार को अभियान चलाकर इस सेक्टर में 25 होटलों को सील किया था।

आज अभियान के दौरान डिवीजन चार के मैनेजर सुरेंद्र भाटी, जेई हरेंद्र सहित प्राधिकरण कर्मी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**भाजपा नेता पर जानलेवा...**

के इरादे से घूम रहे हैं। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने अल्फा गोल चक्कर के पास से शिवम पुत्र राज व अजय कुमार त्रिपाठी पुत्र राघव त्रिपाठी को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से एक पिस्टल तमंचा व कारतूस बरामद हुए।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी गैंगस्टर रणदीप भाटी गैंग के साथ शूटर हैं। रणदीप भाटी के कहने पर शिवम व अजय कुमार ने अपने साथी सुनील उर्फ रोपी, हरीपाल व अश्वनी उर्फ रिंकू तथा सचिन में अन्य साथियों के साथ मिलकर 3 नवंबर 2022 की शाम को आईकॉन अपार्टमेंट तिराहे के पास लडपुरा गांव निवासी संचित उर्फ सिंगा पंडित को घेर लिया था। आरोपियों ने संचित शर्मा उर्फ सिंह पंडित के साथ लाठी–डंडों, लोहे की रोड से जमकर मारपीट की थी और उसे मरणासन्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना बिता दो में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। सीसीटीवी फुटेज में गवाहों के बयानों के आधार पर इस घटना में अश्वनी उर्फ रिंकू, हरीपाल उर्फ हरपाल, सुनील उर्फ रोपी, सचिन, बिट्टू उर्फ राहुल, रणदीप भाटी, अजय त्रिपाठी, शिवम, ध्रुव आदि के नाम प्रकाश में आए थे इनमें से चार आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार का जेल भेज चुकी है। दो आरोपियों द्वारा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया गया था जबकि शिवम व अजय त्रिपाठी घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। पुलिस कई बार इनके दिल्ली स्थित आवास पर दबिश दे चुकी थी लेकिन यह हत्थे नहीं चढे थे। दोनों आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 25–25 हजार रूपए का इनाम घोषित कर रखा था।

बता दें कि ग्रेटर नोएडा के चर्चित सिंगा पंडित कांड में जमकर राजनीति हुई थी। इस मामले में अभी तक पुलिस यह खुलासा नहीं कर पाई है कि आखिरकार सिंगा पंडित पर हमला किस वजह से हुआ था।

**जेल से बाहर आते...**

थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने उसकी बेटी को बरामद कर उसके सुपुर्द कर दिया था और रोहित को गिरफ्तार का जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद रोहित बीते 1 दिसंबर को उसकी बेटी को फिर दोबारा बहला–फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रोहित के खिलाफ एक बार फिर अपहरण का मामला दर्ज किया गया है।

वहीं थाना फेस दो क्षेत्र के इलाहाबास गांव में रहने वाले मुख्तियार (काल्पनिक नाम) नई रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी (16 वर्षीय) बेटी 18 दिसंबर की सुबह घर से स्कूल के लिए गई थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंची तो उन्होंने उसकी काफी तलाश की। परिजन तलाश करते हुए उसके स्कूल पहुंचे तो पता चला कि वह स्कूल नहीं आई थी। काफी तलाश करने पर भी किशोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

# भाजयुमो ने युवा सम्मेलन एवं निकाली बाइक रैली




**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर में जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में सैनिक विहार मंडल में बाइक रैली का आयोजन किया। बाइक रैली का उद्देश्य विकसित भारत यात्रा को जन–जन तक पहुंचाना तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना है। इस दौरान इस बात की भी जानकारी सुनिश्चित करनी थी कि योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिले। रैली में नीरज चौहान दीपक ठाकुर संदीप अवाना सुमित शर्मा मंडल अध्यक्ष आकाश चौहानराजकुमार चौहान,प्रदीप चौहान, सूरज पाल राणा , पुष्कल गुप्ता, ऋचा सिंह, केशव पंडित, सैखी चौहान, शिवम चौहान, तरुण चौहान, सनी अस्थाना, पिंटू ,सन्नी, राजेश कुमार, लोकेश नागर, टिंकू चौहान, भोला चौहान, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

## आइसलैंड में ज्वालामुखी का महाविस्फोट होने से धरती में बनी 3.5 किमी की दरार

### -दहशत के साये में रहवासी, प्रशासन ने आपातकाल की अवधि बढ़ाई

रेक्जाविक । आइसलैंड में ज्वालामुखी का महाविस्फोट होने से धरती में 3.5 किमी की दरार बन गई है। इससे यहां के लोग दहशत में जी रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने यहां पर आपातकाल बढ़ा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 800 भूकंपों के बाद आखिरकार यहां पर ज्वालामुखी विस्फोट हो गया है। देश के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम आइसलैंड के रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर हफ्तों की तीव्र भूकंप के बाद एक ज्वालामुखी फट गया है। आइसलैंडिक मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार विस्फोट ग्रिंडाविक से लगभग 4 किमी उत्तर पूर्व में सुंधनुकागिगर के करीब स्थित है, और इसे पास के वेब कैमरों पर देखा जा सकता है। मौसम केन्द्र के अनुसार सोमवार की रात लगभग 9 बजे शुरू हुए भूकंप के झटके के बाद रात 10.17 बजे विस्फोट शुरू हुआ था। मौसम कार्यालय ने बताया कि ज्वालामुखी में दरार की लंबाई लगभग 3.5 किमी है, इसमें लावा लगभग 100 से 200 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड की दर से बह रहा है। यह हाल के वर्षों में रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर पिछले विस्फोटों की तुलना में कई गुना अधिक था। हालांकि विस्फोट के सटीक स्थान और आकार की पुष्टि करने के लिए एक तटरक्षक हेलीकॉप्टर को क्षेत्र में भेजा गया है। इस संबंध में आइसलैंड के राष्ट्रीय पुलिस आयुक्त ने बताया कि नागरिक सुरक्षा सेवा स्तर को अलर्ट से आपातकाल तक बढ़ा दिया गया है। वहीं नागरिक सुरक्षा समन्वय केंद्र को सक्रिय कर दिया गया है। फिलहाल अधिकारियों ने जनता से विस्फोट स्थल पर नहीं जाने को कहा है और आपातकालीन कर्मचारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं। राजमार्ग 41 सहित ग्रिंडाविक शहर की सभी सड़कें बंद हैं और यातायात पूरी तरह से प्रतिबंधित है। रेक्जेनस प्रायद्वीप के उत्तरी हिस्से की मुख्य सड़क है, जो बड़े रेक्जाविक क्षेत्र और केफ्लाविक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ती है। विस्फोट राजधानी रेक्जाविक से देखा जा सकता है। स्थानीय मीडिया ने प्रधान मंत्री कैटरीन जैकब्सडॉटिर के हवाले से कहा कि हाल ही में निर्माण शुरू होने वाले रक्षात्मक किलेबंदी से ज्वालामुखी विस्फोट से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर आएगा।

## पराग्वे में पुलिस की कार्रवाई में 10 लोगों की मौत

असुनसियन। पराग्वे की राजधानी असुनसियन के ताकुम्बु में पुलिस और सेना की ओर से चलाए गए अभियान में करीब 10 लोग मारे गए। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार नौ कैदी और राष्ट्रीय पुलिस सामरिक समूह के एक कर्मी की मौत हो गई, जबकि 20 कैदी और 36 पुलिस और सैन्यकर्मी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह अभियान ताकुम्बु जेल पर नियंत्रण पाने के लिए चलाया गया था, जो वर्षों से रोटेला कबीले के नाम से जाने जाने वाले आपराधिक समूह के नियंत्रण में था। रिपोर्ट में कहा गया है कि कैदियों के साथ तगड़ा टकराव के बाद पुलिस और सैन्यकर्मी आपराधिक गुट के नेता अरमांडो जेवियर रोटेला के ठिकाने तक पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया और उस विनस क्यू सैन्य जेल में भेज दिया गया है।

## पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी का दावा, दाऊद को जहर दिया

करांची । जहां पाकिस्तान में दाऊद को जहर देने की खबर के बाद देश में हलचल तेज हो गई है। वहीं पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी का एक वीडियो भी इस समय खूब वायरल हो रहा हैं। वीडियो में पत्रकार ने दावा किया है कि दाउद इब्राहिम को जहर दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को कराची में जहर दिया गया है। पाकिस्तान की वरिष्ठ पत्रकार आरजू काजमी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। आरजू काजमी ने कहा कि सुनने में आ रहा है कि दाऊद इब्राहिम को किसी ने जहर दिया है। उसकी तबियत बहुत ज्यादा खराब हो गई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आरजू आगे कहती हैं कि कराची के किसी हॉस्पिटल में उसको रखा गया है। ये खबर सोशल मीडिया पर गर्दिश कर रही है और ये बात कहां तक सही है, फिलहाल मालूम नहीं है। इतना ही नहीं वीडियो में आरजू ने कहा कि आप लोग जानते हैं कि अगर कोई भी नाम लेगा या कुछ भी कंफर्म करने की कोशिश करेगा तो फिर उसकी भी शामत आ जाएगी। बता दें कि आरजू काजमी पाकिस्तान की बेबाक पत्रकार हैं। वो हर वक्त अपनी बातों को बेहद ही बेबाकी से पेश करती हुई नजर आती हैं।

## लाल सागर में जहाजों पर हमलों से निपटने नए अंतरराष्ट्रीय मिशन की तैयारी

वाशिंगटन । लाल सागर में जहाजों पर हो रहे हमलों से निपटने के लिए अमेरिका सहित कई अन्य देश नए अंतरराष्ट्रीय मिशन की तैयारी में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ये देश लाल सागर से गुजरने वाले उन जहाजों की सुरक्षा के लिए एक नयी सेना तैयार कर रहे हैं, जिन पर यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्रों से दागे गए ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला हुआ है। रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने बहरीन में मंगलवार को इसकी घोषणा की। हमले की गंभीरता को देखते हुए कई शिपिंग कंपनियों को अपने जहाजों को रुकने और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में तब तक प्रवशे न करने का आदेश दिया है। हालांकि यह तब तक है जब तक कि सुरक्षा स्थिति का समाधान नहीं हो जाता है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में इस क्षेत्र में कई पोतों पर हमला हुआ है। रक्षा सचिव लॉयड ने एक बयान में कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय चुनौती है, जो सामूहिक कार्रवाई की मांग करती है। ऑस्टिन ने घोषणा की कि ब्रिटेन, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन नए मिशन में शामिल होंगे। कुछ देश संयुक्त गश्त करेंगे जबकि अन्य दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में खुफिया सहायता प्रदान करेंगे। एक रक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कई अन्य देश भी इस अभियान में शामिल होने के लिए सहमत हुए हैं, लेकिन वो सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा नहीं करना चाहते हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मिशन का समन्वय पहले से मौजूद संयुक्त टास्क फोर्स 153 द्वारा किया जाएगा। जिसे अप्रैल 2022 में लाल सागर, बाब अल-मंडेब और अदन की खाड़ी में समुद्री सुरक्षा में सुधार के लिए बनाया गया था।

## अमेरिका के पूर्वी तट में शक्तिशाली तूफान से मची तबाही, तीन लोगों की मौत

न्यूयॉर्क । अमेरिका के पूर्वी तट पर भयानक तूफान आने से तबाही का मंजर हो गया है। यहां पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में आए शक्तिशाली तूफान से तीन लोगों की मौत होने की सूचना है। इलाके में बिजली गुल हो गई, सड़कें बह गईं और एक समुदाय को वहां से निकलने के लिए मजबूर भी होना पड़ा है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक दो मौतें पेंसिल्वेनिया और मैसाचुसेट्स में हुईं, जहां तूफान प्रणाली के कारण दिनभर तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। वहीं तीसरी मौत दक्षिण कैरोलिना में हुई, जो सप्ताहांत में तूफान से प्रभावित हुआ था। यह तूफान पूरे पूर्वोत्तर में छाया रहा जहां तेज हवाएं और भारी बारिश शुरू कर दी, इससे 24 घंटों के भीतर अधिकांश क्षेत्र में 2-4 इंच पानी बह गया। साथ ही न्यूयॉर्क शहर के उत्तर-पश्चिम में पांच इंच से अधिक पानी होने की खबरें हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को न्यूयॉर्क सिटी आपातकालीन प्रबंधन ने स्टेटन द्वीप और ब्रुकलिन को जोड़ने वाले वेराज़ानो-नैरो ब्रिज को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। वहीं क्वींस और ब्रोंक्स को जोड़ने वाला थ्रोग्स नेक ब्रिज और थ्रोग्स नेक ब्रिज, मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी ने भी कई सबवे रोक दिए है। प्रबंधन ने कहा कि शहर के बिजली आपूर्तिकर्ता कंसोलिडेटेड एडिसन, इंक. के 10,000 से अधिक ग्राहक इस समय बिना बिजली के हैं। शहर भर में पेड़ों के गिरने की 237 रिपोर्टें हैं। फ्लाइट अवेयर के आंकड़ों के अनुसार न्यूयॉर्क के लागार्डिया और जॉन एफ कैनेडी हवाई अड्डों और बोस्टन के लोगान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 400 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हालांकि विगत सोमवार को तूफान के चलते 4,700 से ज्यादा उड़ानें भी देरी से उड़ीं। न्यूयॉर्क में लगभग 5,000 उपयोगिता कर्मचारियों के साथ अग्रिम चेतावनी और यात्रा सलाह जारी की है। पॉवरआउटेज. यूएस के अनुसार, पूर्वोत्तर में सोमवार रात तक 660,000 से अधिक ग्राहक बिना बिजली के हैं। उनमें से अधिकांश मेन में थे, जहां ट्रैक किए गए 852,000 से अधिक ग्राहकों में से 420,000 से अधिक ग्राहक अंधेरे में है। मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय मौसम सेवा केन्द्र ने अनुमान लगाया है कि यहां बह रही नदी मंगलवार तक लिटिल फॉल्स में बड़े बाढ़ चरण में पहुंच जाएगी। हालांकि अधिकारियों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि बाढ़ विनाशकारी हो सकती है। राष्ट्रीय मौसम सेवा केन्द्र ने कहा कि मेन और न्यू हैम्पशायर में, जल बचाव की कई रिपोर्टें हैं। हालांकि तूफान सोमवार देर रात कनाडा की ओर बढ़ गया लेकिन इसका प्रभाव लंबे समय तक रहने की उम्मीद है।



सिंगापुर गार्डन्स में क्रिसमस के लिए हुई रोशनी को देखते हुए लोग।

## चीन में भूकंप से 111 लोगों की मौत, रिक्टर पर 6.2 तीव्रता मापी गई

बीजिंग । चीन के गांसु प्रांत में भूकंप आने से 111 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। यहां पर आए रिक्टर पैमाने पर 6.2 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद अनेक घर ढह गए। अधिकारियों ने मंगलवार को चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के हवाले से बताया कि भूकंप सोमवार रात 11.59 बजे आया था। इसकी गहराई 10 किमी बताई जा रही है। भूकंप का केंद्र लिउगौ टाउनशिप, लिनक्सिया हुई स्वायत्त प्रान्त, गांसु में जिशिशान बाओआन, डोंगज़ियांग, सालार स्वायत्त काउंटी की काउंटी सीट से लगभग 8 किमी दूर है। भूकंप किंघई के ज़िनिंग और हैडोंग शहरों में भी ज़ोर से महसूस किया गया, जहां कुछ घर ढह गए और उनमें दरारें आ गईं। हालां ?कि गांसु और पड़ोसी किंघई से लोगों के मरने की सूचना भी मिली है। इसी दौरान प्रांतीय अग्निशमन और बचाव विभाग ने 88 अग्निशमन गाड़ियों, 12 खोजी और बचाव कुत्तों, 10,000 से अधिक उपकरणों के साथ 580 बचावकर्मियों को आपदा क्षेत्र में भेज दिया है। इधर रेलवे प्राधिकरण ने भूकंप क्षेत्र से गुजरने वाली यात्री और मालवाहक ट्रेनों को रोक दिया है और पटरियों की सुरक्षा जांच के आदेश दिये हैं। दहेजिया टाउनशिप में सुबह तापमान शून्य से 16 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। कड़ाके की सर्दी के बावजूद एक स्थानीय अस्पताल में 140 से अधिक चिकित्सा कर्मचारी घायलों की देखभाल में लगे हुए हैं। वहीं राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गांसु में आए भूकंप से पूर्ण बचाव प्रयास करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि खोज और बचाव करने, घायलों का समय पर इलाज करने और हताहतों की संख्या को कम करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। बता दें कि गांसु, चीन के सबसे गरीब क्षेत्रों में से एक, तिब्बती और लोएस पठारों के बीच स्थित है और इसकी सीमा मंगोलिया से लगती है। चीन एक ऐसे क्षेत्र में स्थित है जहां कई टेक्टोनिक प्लेटें, विशेष रूप से यूरेशियन, भारतीय और प्रशांत प्लेटें मिलती हैं, और विशेष रूप से यहां पर भूकंप का खतरा बना है।

# अब तक 19 हजार लोगों को निगल गई इजरायल और हमास की जंग

**तेल अवीव(एजेंसी)।** जंग कहीं भी और किसी के साथ हो, परिणाम हमेशा घातक ही होते हैं। दोनों ही देशों को तबाही के अलावा कुछ हाथ नहीं लगता है। इजरायल और हमास के बीच बीते 74 दिनों से जंग चल रही है, जिसमें अब तक 19 हजार से अधिक लोगों को मौत हो चुकी है। आगे यह सिलसिला कब तक चलेगा कोई नहीं जानता, पर इतना जरुर है कि लंबे समय तक लोगों के लिए तकलीफदायक होगा। गाजा में जारी बमबारी के बीच इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म होने में समय लगेगा. इजराइली रक्षा मंत्री का यह बयान अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ मीटिंग के बाद आया है। इससे पहले भी उन्होंने गैलेंट ने यही बयान दिया था। इससे जाहिर होता है कि इजराइल गाजा में अभी युद्ध रोकने के मूड में नहीं है। इजराइली रक्षा मंत्री ने पिछले महीने एक बयान में कहा था कि गाजा में अभी कई महीनों तक जंग जारी रहेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा है कि इजराइल तब तक लड़ता रहेगा जब तक वह हमास को पूरी तरह खत्म और अपने बंधकों को रिहा नहीं करा लेता।



अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गाजा में इजराइली अभियानों को कम करने को लेकर चर्चा की। ऑस्टिन और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने गाजा में बड़ी संख्या में नागरिकों की मौत के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है मगर उन्होंने युद्धविराम को लेकर कोई बातचीत नहीं की।

इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी रक्षा सचिव ने कहा कि यह इजराइल का ऑपरेशन है। मैं यहां समयसीमा या शर्तें तय करने के लिए नहीं आया हूं। अमेरिकी अधिकारियों ने हमास के लड़ाकों को खत्म करने, सुरंगों को नष्ट करने और बंधकों को बचाने के उद्देश्य से लक्षित अभियानों का आह्वान किया है। बता दें कि अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में युद्धविराम के आह्वान को वीटो कर दिया था। बता दें कि गाजा में ढाई महीने से अधिक समय से जंग जारी है और यह जंग कब थमेगी, इसके बारे में कहना फिलहाल मुश्किल है। गाजा में अब तक यहां 1900 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास के 7 अक्टूबर के हमलों के बाद इजराइल लगातार गाजा में बमबारी कर रहा है।

## ईरान में हुए धमाके से दूसरे देशों में बढ़ा तनाव !

**तहरीन (एजेंसी)।** यहां एक बड़ा धमाका हुआ है। जिसे लेकर दूसरे देश भी अलर्ट हो गए है। वैश्विक स्तर पर भी चर्चा शुरु हो गई है। कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जाने लगी हैं। ये धमाका तेहरीन में ईरानी एविएशन एंड स्पेस फोर्स हेडक्वार्टर में हुआ है। धमाके के बाद हेडक्वार्टर से आग की लपटे उठती दिखीं। भीषण धमाके ने मिडिल ईस्ट में संकट और बढ़ने की आशंका बयां की है। गाजा पट्टी और लेबनान बॉर्डर पर जारी जंग के बीच इस धमाके से अमेरिका और ईरान के बीच टकराव बढ़ सकता है। विस्फोट इतना जोरदार था कि आग की ऊंची-ऊंची लपटे काफी देर तक हेडक्वार्टर से उठती रहीं। जानकारी के मुताबिक एविएशन एंड स्पेस फोर्स के इस हेडक्वार्टर से ही मिसाइल और ड्रोन की सप्लाई होती थी। आशंका है कि इसी जगह से इजरायल और अमेरिका के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हमास, हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों तक घातक हथियार भेजे जा रहे थे।



हालांकि अभी तक इस धमाके की असली वजह का खुलासा नहीं हुआ है। ये हादसा है या साजिश इससे लेकर अभी ईरान ने भी प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन गाजा जंग के बीच ऐसी घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने प्रॉक्सी समूहों को लेकर हाल ही में ईरान को चेतावनी थी और कहा था कि ईरान आग से खेलना बंद करे। तनाव के बीच ईरान के गैस स्टेशनों पर इजरायली हैकर्स ने साइबर अटैक किया। ईरान के करीब 60 से 70 फीसदी गैस स्टेशनों पर कामकाज ठप होने से हाहाकार मच गया। ईरान ने गैस स्टेशनों पर हुए साइबर हमले का आरोप इजरायल और अमेरिकी हैकर्स पर लगाया है। ईरान तेल मंत्रालय के मुताबिक इस घटना की वजह से सोमवार को देशभर में सिर्फ 30 फीसदी तक ही गैस स्टेशनों पर कामकाज हुआ। साइबर हमले के लिए इजरायली हैकर्स समूह 'गोंजेश्को दारांदे' को जिम्मेदार ठहराया। देश में कुल 33 हजार गैस स्टेशन हैं। लेकिन गैस आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के वजह से गैस स्टेशनों पर दिनभर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। इस दौरान स्टॉक और आपूर्ति डेटा में भारी गड़बड़ी देखने को मिली। 2022 में भी इजरायली हैकर्स के इसी समूह ने ईरान के एक प्रमुख स्टील कंपनी को हैक कर लिया था।

## दुनियाभर में होने लगी चर्चा, दाऊद के बाद अब किसकी बारी ?

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत के मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम कराची के आगा खान अस्पताल में हैं। हालत गंभीर है और उपचार चल रहा है। दावा किया जा रहा है कि डॉन को जहर दिया गया था। हालांकि पाकिस्तान की ओर से इस पर कोई बयान नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि दाऊद उसी फेहरिस्त का हिस्सा हैं जो पिछले एक साल से पाकिस्तान में हो रहा है। यदि ऐसा है तो इस सूची में अगला नंबर हाफिज सईद और मसूद अजहर का हो हो सकता है। पाकिस्तान की पत्रकार आरजू काजमी ने दावा किया है कि दाऊद इब्राहिम को जहर दिया गया है। काजमी ने कहा कि दाऊद इब्राहिम अस्पताल में है और उसे जहर दिया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि पाक सरकार इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी और न ही इसे कंफर्म करेगी। आरजू ने कहा कि सिर्फ दाऊद ही नहीं बल्कि इस लिस्ट में अभी कई ऐसे नाम हैं जिनका नंबर जल्द ही आने वाला है। पत्रकार आरजू काजमी ने बताया कि दाऊद इब्राहिम कराची में रहता है। यहां के क्लिफटन इलाके में उसका घर है। हालांकि पाकिस्तान इसे स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि कराची में दाऊद का इलाज चल रहा है। इसे लेकर पाकिस्तान की मीडिया में अजीब सी खामोशी छाई है। हालांकि पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर दाऊद को लेकर खूब बातचीत हो रही है।

आरजू काजमी ने दावा किया कि दाऊद की खबर को छिपाने के लिए ही सरकार ने पाकिस्तान में इंटरनेट बंद किया है। पाक पत्रकार आरजू काजमी ने दावा किया कि पाकिस्तान में पिछले एक साल से टारगेट किलिंग हो रही है। उन्होंने दावा किया कि इसमें पाकिस्तान का ही हाथ है। आरजू काजमी का कहना है कि नवाज शरीफ की पार्टी भारत से रिश्ते सुधारना चाहती है। इसीलिए आने वाले समय में हाफिज सईद और मसूद अजहर की भी टारगेट किलिंग हो सकती है। पाकिस्तान में हाफिज सईद लश्कर ए तैयबा का संस्थापक है और जमात उद दावा से संबंध रखता है। यह भारत की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है।

## किम जोंग उन की नई इंटर कॉन्टीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, जद में पूरा अमेरिका, स्पीड 30 हजार किमी

**सियोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरियाई अधिकारियों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए अपनी सबसे उन्नत लंबी दूरी की मिसाइल दागी है। अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के प्रक्षेपण की पश्चिम से तत्काल निंदा हुई। यह जापान में होक्काइडो के पश्चिम में उतरा। यह तब हुआ है जब दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने पिछले सप्ताह उत्तर से परमाणु हमले का जवाब देने की योजना को अद्यतन करने के लिए मुलाकात की थी। प्योंगयांग ने जवाब में अधिक आक्रामक जवाबी कदम उठाने की कसम खाई थी।

सुबह स्थानीय समयानुसार लगभग 08:24 बजे (23:24 रविवार GMT) प्योंगयांग क्षेत्र से लंबी दूरी की मिसाइल लॉन्च की। दक्षिण कोरियाई और जापानी अधिकारियों ने कहा कि मिसाइल ने 73 मिनट तक यात्रा की, जिसमें लगभग 1,000 किमी (621 मील) की दूरी तय की गई। ICBM की सीमा उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप तक पहुंचने की है। सोमवार का प्रक्षेपण इस साल उत्तर कोरिया का आईसीबीएम का पांचवां सफल प्रक्षेपण है। दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका ने सोमवार को मिसाइल परीक्षण की तुरंत निंदा की और कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है और इससे कोरियाई प्रायद्वीप कम सुरक्षित हो जाएगा।




उत्तर और दक्षिण के बीच तनाव पिछले महीने तब बढ़ गया जब प्योंगयांग ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए एक जासूसी उपग्रह को कक्षा में सफलतापूर्वक लॉन्च किया। सियोल ने उत्तर के साथ एक सैन्य समझौते को आंशिक रूप से निलंबित करके जवाब दिया, जिसका उद्देश्य सीमा पर सैन्य गतिविधि को सीमित करना और झड़पों की संभावना को कम करना था। इसके बाद प्योंगयांग पूरी तरह से समझौते से हट गया। उत्तर कोरिया ने तब से अपने सैनिकों को असैन्यीकृत क्षेत्र के पहले से निहत्थे क्षेत्रों में फिर से संगठित किया है जो उसके क्षेत्र को दक्षिण से अलग करता है।

# जेल में बंद इमरान ने एआई की मदद से शुरू किया चुनाव प्रचार

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान में फरवरी 2024 में आम चुनाव होने हैं। सलाखों के पीछे होने के बावजूद, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख और पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा सक्रिय रूप से चुनाव अभियान में शामिल हो गए हैं। उनकी पार्टी की ओर से विपक्षी नेता की ओर से जोशीला भाषण देने का एक वॉयस क्लोन जारी किया गया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा सोशल मीडिया पर चार मिनट के संदेश को वर्चुअल रैली नाम दिया गया। पीटीआई ने कहा कि खान का भाषण उस पाठ से तैयार किया गया था जो उन्होंने जेल से लिखा और जिसे उनके वकीलों ने मंजूरी दी थी। इमरान खान अगस्त से जेल में हैं और उन पर गोपनीय डेटा लीक करने का मुकदमा चल रहा है, उनका दावा है कि ये आरोप उन्हें फरवरी के आम चुनाव में भाग लेने से रोकने के लिए लगाए जा रहे हैं।

पीटीआई पार्टी ने इमरान का चार मिनट का संदेश तैयार करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल किया, जो इंटरनेट व्यवधानों के बावजूद सोशल मीडिया पर आयोजित एक वर्चुअल रैली का शीर्षक था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने कहा कि इमरान खान ने वकीलों के माध्यम से एक शॉर्टहैंड स्क्रिप्ट भेजी थी, इस उनकी अलंकारिक भाषा में शामिल किया गया था। इसके बाद एआई के एक टूल का उपयोग करके टेक्स्ट को ऑडियो में डब किया गया, जो मौजूदा भाषण नमूनों से वॉयस क्लोन बनाने की क्षमता का दावा करता है। इमरान की नकल करते हुए आवाज ने कहा कि मेरे साथी पाकिस्तानियों, मैं सबसे पहले इस ऐतिहासिक प्रयास के लिए सोशल मीडिया टीम की प्रशंसा करना चाहूंगा। ऑडियो को फेसबुक, एक्स और यूट्यूब पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थकों के भाषणों की पांच घंटे की लाइव-स्ट्रीम के अंत में प्रसारित किया गया था, और इमरान के ऐतिहासिक फुटेज और स्थिर छवियों के साथ कवर किया गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अनुसार इस एक समय के क्रिकेट स्टार के पूर्व भाषणों के वास्तविक वीडियो क्लिप के साथ बुक किया गया था, लेकिन बीच-बीच में एक कैप्शन दिखाई दिया, जिसमें इमरान की एआई आवाज उनके नोट्स के आधार पर के रूप में चिह्नित किया गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सोशल मीडिया प्रमुख जिब्रान इलियास ने कहा कि यह हमारे लिए कोई बड़ी बात नहीं थी, जब इमरान खान वास्तव में एक राजनीतिक रैली में मिलने के लिए मौजूद नहीं हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पाकिस्तान की पहली राजनीतिक पार्टी थी जिसने सोशल मीडिया की क्षमता का व्यापक रूप से उपयोग किया, युवा दर्शकों को लक्षित करने के लिए एप का उपयोग किया, जिन्होंने उन्हें पांच साल पहले सत्ता में पहुंचाया था।






## आईपीएल 2024 नीलामी

# हर्षल पटेल सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने, स्टार्क की रिकॉर्डतोड़ बोली के बीच छाए

**दुबई (एजेंसी)**। दुबई में आईपीएल 2024 के लिए मिनी ऑक्शन जारी है। इस ऑक्शन में 332 खिलाड़ियों के नाम पर बोली लग रही है। जिसमें 216 भारतीय खिलाड़ी हैं। अभी तक नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का ज्यादा बोल बाला दिखा। जहां सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ में बिके तो उनके ही हमवतन पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया। लेकिन इस बीच हर्षल पटेल छा गए। हर्षल पटेल बतौर भारतीय खिलाड़ी सबसे महंगे खिलाड़ी बिके।

आईपीएल के इस मिनी ऑक्शन में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल का जलवा देखने को मिला। उन्हें पंजाब किंग्स ने 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा। हर्षल इस नीलामी में बिकने वाले सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी रहे। हर्षल आईपीएल के पिछले सीजन में आरसीबी का पार्ट थे।

नीलामी में गुजरात टाइटंस ने सबसे पहले उन पर बोली लगाई। फिर पंजाब और लखनऊ के बीच उन्हें खरीदने की रेस लगी। लखनऊ के पर्स में कम



24.75 करोड़ केकेआर / 20.50 करोड़ हैदराबाद

कीमत होने के कारण वो पीछे हट गई। आरसीबी ने हर्षल के लिए थोड़ी भी दिलचस्पी नहीं दिखाई।

हर्षल टी20 क्रिकेट के बेहतरीन गेंदबाज माने जाते हैं। स्लोअर गेंदों से विकेट चटकाने में माहिर हर्षल ने आईपीएल 2021 में आरीसीबी के लिए खेलते हुए पर्पल कैप हासिल की थी।

# मुंबई इंडियंस की कप्तान संभालने के बाद पहली बार जिम में नजर आये हार्दिक



**मुम्बई (एजेंसी)**। मुंबई इंडियंस क्रिकेट टीम की कप्तानी संभालने के बाद हार्दिक पंड्या पहली बार जिम में नजर आये। इसका एक वीडियो भी पांड्या ने साझा किया है। मुम्बई टीक ने आईपीएल के अगले सत्र के लिए अभी से अभ्यास शुरु कर दिया है। पंड्या की नजरें इस बार अपनी टीम को आईपीएल खिताब दिलाना है। पंड्या जब से मुम्बई के नये कप्तान बने हैं। सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा के साथ चर्चा में बने हुए हैं। रोहित की जगह पंड्या को मुम्बई का कप्तान बनाने के कारण प्रशंसकों की मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली हैं। कुछेक ने इसे भविष्य के लिए साहसिक कदम बताया तो कइयों ने इसपर नाराजगी जतायी है।

हालांकि पांड्या इन चर्चाओं से परेशान नहीं हैं। हार्दिक ने मुंबई इंडियंस के कप्तान बनने के बाद जिम में अभ्यास का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाऊंट पर साझा किया है। पंड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी एक तरह की उनके लिए घर वापसी तरह ही है। उन्होंने 2015 में फ्रेंचाइजी के लिए आईपीएल में पदार्पण किया और कुछ ही समय में वह एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो गये थे। उनका ऑलराउंडर के तौर पर कौशल और आक्रामक खेल शैली मुंबई इंडियंस के खेल के तरीके से मिलता भी है।

# आईपीएल 2024: ऋषभ पंत को फिट होने में लगेगा समय, विकेटकीपर बल्लेबाज ने खुद दिया फिटनेस अपडेट

**गक्बेरहा (एजेंसी)**। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उम्मीद है कि वह अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे और अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में बहुप्रतीक्षित वापसी करेंगे। बता दें कि, पंत पिछले साल सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह वर्ष 2023 में नहीं खेल पाए। वह प्रशंसकों के प्यार और स्नेह से अभिभूत हैं जिससे उन्हें उम्मीद से जल्दी फिट होने में मदद मिली।

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा,'' मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों की तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं। लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में मैं पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा।'' ऋषभ पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया जिसका अहसास उन्हें पहली बार हुआ।

उन्होंने कहा,'' यह वास्तव में शानदार अहसास है क्योंकि जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसा लगता है कि कोई हमसे प्यार नहीं करता क्योंकि कई चीजों का दबाव रहता है। लेकिन वास्तव में यह काफी मुश्किल समय था और मुझे पता चला कि लोग हमें प्यार करते हैं। वे हमारा सम्मान करते हैं और मेरे चोटिल होने के बाद वे भी चिंतित थे। यह दिल को छूने वाला था और मेरे लिए यह काफी मायने रखता है।''

पंत ने आगे कहा,''जब आप बुरे दौर से गुजर रहे होते हैं या आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो यह केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी होती है और अगर आपके प्रशंसक आपके प्रति प्यार और स्नेह दिखाते हैं तो यह काफी मायने रखता है और इससे वास्तव में चोट से उबरने में मदद मिली।'' पंत की अनुपस्थिति में पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई की थी।



## आईएलटी20 ने नवीन उल हक पर लगाया प्रतिबंध

मुम्बई। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक पर 20 माह का प्रतिबंध लगा दिया गया है। नवीन पर ये प्रतिबंध इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) ने लगाया है। नवीन पर ये पाबंदी शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने खिलाड़ी समझौते का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है। वॉरियर्स ने सीजन 1 के लिए नवीन से करार किया था। वहीं एक बयान के अनुसार, नवीन को वॉरियर्स द्वारा एक और साल के विस्तार की पेशकश की गई थी पर उन्होंने सीज़न 2 के लिए रिटेंशन नोटिस पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। इसके कारण अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज ने शारजाह वॉरियर्स के साथ अपना करार समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि नवीन ने जनवरी-फरवरी 2023 विंडो में शारजाह वॉरियर्स के लिए आईएलटी 20 के सीजन 1 में खेला था, जिसने इस साल की शुरुआत में उन्हें खिलाड़ी करार शर्तों के अनुसार समान नियमों और शर्तों पर रिटेंशन नोटिस दिया था। वहीं शारजाह वॉरियर्स ने इस विवाद में हस्तक्षेप करने के लिए आईएलटी 20 से संपर्क किया था। आईएलटी 20 की तीन सदस्यीय अनुशासन समिति लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट, सुरक्षा और भ्रष्टाचार विरोधी प्रमुख कर्नल आजम और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास शामिल थे, ने दोनों पक्षों को अलग-अलग सुना। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीईओ डेविड व्हाइट ने कहा कि सभी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी अनुबंध संबंधी प्रतिबद्धताओं का पालन करें।



## रोहित के मुंबई इंडियंस के छोड़ने की खबरों पर लगा विराम




मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए मुंबई इंडियंस ने जब से रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को नया कप्तान बनाया है, तभी से अलग-अलग तरह की खबरें मीडिया में आ रही हैं। एक खबर चर्चा में आई कि मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा बुधवार के बाद किसी और टीम को ट्रेड किए जा सकते हैं, इसके अलावा मुंबई इंडियंस के सीनियर खिलाड़ी जैसे जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन भी किसी और फ्रेंचाइजी टीम को ट्रेड किए जा सकते हैं। मुंबई इंडियंस के अधिकारी के हवाले से कहा गया हैं कि यह सब बस अफवाह है, ना रोहित शर्मा कहीं जा रहे हैं और ना ही कोई और खिलाड़ी।

मुंबई इंडियंस के अधिकारी ने कहा, इस तरह की खबरें पूरी तरह से झूठी और गलत हैं। कोई भी मुंबई इंडियंस का खिलाड़ी हमें छोड़कर नहीं जा रहा है और ना ही हम किसी को ट्रेड करने जा रहे हैं। मुंबई इंडियंस की तरफ से इस तरह का बयान पहली बार आया है क्योंकि हार्दिक पांड्या के कप्तान बनने के बाद से ही अलग-अलग तरह की खबरें सोशल मीडिया पर फैल रही हैं। मुंबई इंडियंस की ओर से कहा गया हैं कि पांड्या को कप्तान बनाने से पहले हर खिलाड़ी को कॉन्फिडेंस में लिया गया था। रोहित को भी इस बारे में खबर दी गई थी। और वह इस फैसले को लिए जाने वाले ग्रुप का हिस्सा था।

# शानदार एकदिवसीय पदार्पण से उत्साहित हैं सुदर्शन

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)**। युवा बल्लेबाज साईं सुदर्शन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी अच्छी शुरुआत से बेहद उत्साहित हैं। साईं ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार एकदिवसीय पदार्पण करते हुए 55 रन बनाये। वहीं सोशल मीडिया पर इस बल्लेबाज ने कहा, यह बेहद शानदार था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है। टीम की जीत में अपना योगदान देना और देश के लिए ट्रॉफियां जीतना हर कोई खिलाड़ी चाहता है। इसलिए, मैं अपने प्रदर्शन से खुश था और यह एक बहुत ही अच्छा अनुभव है।

साथ ही कहा कि एक संस्कृति जो मुझे पसंद है, वह है डेब्यू कैप मिलना जिसे मैं तमिलनाडु के दिनों से देखना पसंद करता हूं। तब राष्ट्रगान के दौरान मैं थोड़ा भावुक था। यह एक शानदार एहसास है और मैंने इसका आनंद लिया। इस बल्लेबाज ने अपने पहले ही मैच में एक बेहतरीन कवर ड्राइव के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना प्रभाव दिखाया और अपने पहले एकदिवसीय मैच में चौके के साथ अपना खाता खोला। इतना ही नहीं सुदर्शन ने स्पिनरों के खिलाफ अपने फुटवर्क का इस्तेमाल करने के तरीके से भी प्रभावित किया।

सुदर्शन ने कहा कि इस सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से लाल गेंदों के चार दिवसीय मैच खेलने के अनुभव से भी मदद मिली। उन्होंने कहा, मैंने बस इस बारे में जितना संभव हो सके उतनी जानकारी एकत्र करने की कोशिश की। मुझे अंदाजा था कि दक्षिण अफ्रीका में हालात कैसे होंगे।




## ऑस्ट्रेलिया से शर्मनाक हार पर बोले पूर्व कप्तान- गेंदबाजों ने पाकिस्तान को निराश किया




**कराची (एजेंसी)**। =पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली ने अपने गेंदबाजों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में पर्थ की उस पिच पर वह अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे जिससे असमान उछाल मिल रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 360 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की।

अजहर ने कहा, 'जिस तरह से चौथे दिन पिच से असमान उछाल मिल रही थी उसे देखते हुए पाकिस्तान का 89 रन पर आउट होना हैरानी भरा नहीं रहा। हर समय इस तरह की असमान उछाल से निपटना मुश्किल था।' अजहर ने गेंदबाजों की कड़ी आलोचना की जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्होंने हाल के कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने कहा, 'कितनी बार गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को कम स्कोर पर आउट किया जबकि बल्लेबाजों ने समय-समय पर अच्छा स्कोर बनाया। जब तक आप ऑस्ट्रेलिया को 250 या 300 रन से कम पर आउट नहीं करते हो तब तक आप ऑस्ट्रेलिया में मैच जीतने की उम्मीद नहीं कर सकते हो।'

## हेजलवुड मार्च और अप्रैल में आईपीएल नहीं खेलेंगे, अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे

मुम्बई। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड मार्च और अप्रैल में आईपीएल नहीं खेले पायेंगे। वह मई माह से ही इस लीग से जुड़ेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बारे में सभी आईपीएल टीम को जानकारी दे दी है। माना जा रहा है कि हेजलवुड अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। इस तेज गेंदबाज को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने पहले ही 'रिलीज कर दिया था। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अन्य सात खिलाड़ी आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान भी 22 मार्च से 11 मई तक ही उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश के ही तेज गेंदबाज तास्किन अहमद और शोरिफुल इस्लाम अगले साल होने वाले आईपीएल को मार्च और अप्रैल में श्रीलंका और जिंबॉब्वे के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए खेलना है इसलिए वह भी आईपीएल में इस समय उपलब्ध नहीं रहेंगे। वहीं श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा और तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि उन्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है जबकि श्रीलंका की टेस्ट टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ तीन अप्रैल को समाप्त होने वाली श्रृंखला के बाद ही आईपीएल में खेलेंगे।



## लेडीज यूरोपीय टूर : प्रणवी संयुक्त 5वें स्थान पर पहुंची, टेन शीर्ष पर पहुंची

माराकेश। भारत की प्रणवी उर्स यहां अच्छा प्रदर्शन करते हुए लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। प्रणवी का अंतिम क्वालीफायर के दूसरे दौर में 4 अंडर 68 का स्कोर बनाया। वहीं पहले दौर में उन्होने 68 का स्कोर बनाया था। वहीं सिंगापुर की शेनन टेन भी 68 का स्कोर बनाने के साथ ही प्रणवी के साथ ही संयुक्त रूप से 5वें स्थान पर रही है। वहीं फर्नांडा लिरा दूसरे दौर में 71 के स्कोर से कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। भारत की ही नेहा त्रिपाठी दूसरे दौर में छह अंडर 67 के स्कोर से तीन अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर चल रही हैं। इसके अलावा वाणी कपूर (73 और 70) संयुक्त 37वें, त्वेसा मलिक (74 और 70) संयुक्त 51वें, अमनदीप द्राल 75 और 70) संयुक्त 63वें, रिद्धिमा दिलावरी (74 और 72) संयुक्त 77वें, अवनी प्रशांत (76 और 71) संयुक्त 85वें स्थान पर चल रही हैं।

# गावस्कर का दावा, मुंबई इंडियंस में नई सोच लेकर आएंगे हार्दिक



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने दावा किया है कि मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पांड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। बता दें कि भारत की टी20 टीम के कप्तान हार्दिक को मुंबई इंडियंस ने दुबई में मंगलवार को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले अपनी टीम से जोड़ा। मुंबई ने बाद में उन्हें अपना नया कप्तान नियुक्त किया। रोहित और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। इन दोनों की अगुवाई में उनकी टीम ने पांच-पांच खिताब जीते हैं। हालांकि मुंबई इंडियंस 2021 के बाद खिताब नहीं जीत पाया और 2022 में वह अंतिम स्थान पर रहा था। गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है क्योंकि वह लगातार सिर्फ आईपीएल टीम ही नहीं, भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे।

गावस्कर ने कहा कि हमें हार्दिक को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाना सही या गलत के रूप में नहीं देखना है। उन्होंने यह फैसला टीम के फायदे के लिए लिया है। रोहित का यहां तक कि बल्लेबाजी में भी योगदान थोड़ा कम हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले रोहित बल्लेबाजी में काफी योगदान देते थे लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वे नौवें या दसवें नंबर पर रहे हैं। पिछली बार उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई, लेकिन मुंबई इंडियंस में जो जोश पहले दिखाई देता था वैसा नहीं दिखाई दिया। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि रोहित लगातार क्रिकेट खेलता रहा है जिससे वह थक गए होंगे। वह लगातार भारतीय टीम और फिर मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे थे।

बता दें कि हार्दिक की अगुवाई में गुजरात टाइटंस ने 2022 में अपने शुरुआती सत्र में ही खिताब जीता था जबकि इस साल उसकी टीम उप विजेता रही थी। हालांकि क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर का मानना है की हार्दिक ने गुजरात की टीम के साथ खुद को साबित किया है और मुंबई इंडियंस में उनकी वापसी से टीम में नई सोच जुड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुंबई ने यह फैसला कर लिया है। वह कप्तानी के मामले में युवा खिलाड़ी है जो गुजरात टाइटंस को दो बार फाइनल में पहुंचाकर और एक बार खिताब दिलाकर खुद को साबित कर चुका है। इस पर गावस्कर ने कहा कि उन्होंने इसी नई सोच के साथ उसे टीम का कप्तान बनाया है।

## दुनिया भर की फुटबाल टीमों में हैं भारतीय मूल के कई खिलाड़ी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए विदेश में खेल रहे भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के चयन की संभावना पर गौर कर रहा है और जल्द ही ऐसे 24 खिलाड़ियों से संपर्क करेगा। पीआईओ और भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई) खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन लंबे समय से बहस का मुद्दा रहा है। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमेच पहले ही भारतीय टीम में पीआईओ खिलाड़ियों के चयन की जरूरत की वकालत कर चुके हैं। लेकिन ऐसा करना आसान नहीं होगा क्योंकि भारतीय कानून दोहरी नागरिकता को स्वीकृति नहीं देता। अगर कोई पीआईओ खिलाड़ी भारत के लिए खेलना चाहता है तो उसे भारतीय नागरिकता लेनी होगी। नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले उस व्यक्ति को 12 महीने भारत में रहना होगा। चौबे ने खिलाड़ियों के नाम का खुलासा किए बिना कहा, 'हम 24 पीआईओ खिलाड़ियों से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं जो दुनिया भर में खेल रहे हैं। लेकिन आपको पता है कि दोहरी नागरिकता का मुद्दा है।

# लंबी दिखने के लिए अपनाएं ये उपाय



आउटफिट के साथ स्टाइल करते हुए फुटवियर को कैरी करने से लुक अधिक प्रभावशाली बन जाता है। वैसे तो फुटवियर में लड़कियों के पास कई विकल्प भी हैं। जैसे वह जूते, हील्स, मोजरी, बूट्स आदि अलग अलग तरह के फुटवियर को अपना सकती हैं। लेकिन कम हाइट वाली लड़कियां अक्सर लंबा दिखने के लिए हील्स को ही पहनती हैं। हील्स उनके लुक को स्टाइलिश बनाने के साथ ही कद भी लंबा दिखाने में मदद करती हैं। लेकिन हील्स हर मौके पर नहीं पहनी जा सकती है। कई मौकों पर हील्स लड़कियों के लिए असहज हो जाती है। हालांकि लंबे दिखने के लिए हील्स को हर वक्त कैरी करने की जरूरत नहीं हैं। यहां कुछ टिप्स दिए जा रहे हैं, जिसे अपनाकर छोटे कद वाली लड़कियां बिना हील्स पहने भी लंबी दिख सकती हैं। यह रहे बिना हील्स के लंबे दिखने के आसान तरीके।

लंबे दिखने के लिए जरूरी नहीं कि आप हील्स या वैजस ही पहनें। फुटवियर से कद बढ़ाने के बजाए आप अपने आउटफिट के जरिए भी लंबी दिख सकती हैं। इसलिए कम हाइट वाली लड़कियां सलवार कमीज को स्टाइल कर सकती हैं।

**रंग का ध्यान दें-** अगर हाइट कम और वजन ज्यादा है तो काले रंग के आउटफिट को पहन सकते हैं। काले या गहरे रंग जैसे डार्क ब्लू, मरून रंग के फैब्रिक को चुनकर आप लंबी दिख सकती हैं।

**फुल स्लीव्स-** लंबा दिखने के लिए अपनी ड्रेस की स्लीव्स पर ध्यान दें। छोटे कद वाली लड़कियों को लॉन्ग स्लीव्स, सेमी स्लीव्स वाले कपड़े पहनने चाहिए। वहीं पफ स्लीव्स और फूली हुई स्लीव्स वाले कपड़े पहनने बचें।

**कपड़े की लेंथ-** लंबा दिखने के लिए कपड़े की लेंथ भी जरूरी है। छोटे कद की हैं तो कुर्ते की लेंथ घुटने से थोड़ा नीचे या काफ के मिडिल तक होनी चाहिए। बहुत ज्यादा कम लेंथ कम कद वाली लड़कियों पर भद्दा दिखता है। वहीं बहुत ज्यादा लॉन्ग लेंथ में कद छोटा दिखता है।

## किफायती हैंडबैग सबकी पसंद

ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल उपस्थिति में अग्रणी, बैगिट भारत में सबसे अधिक बिक्री वाला हैंडबैग ब्रांड है। देश की जनता की पसंद के अनुरूप और उनकी जरूरतों को देखते हुए, बैगिट अब एनोकी लॉन्च कर रहा है। एनोकी का उद्देश्य विशाल अनब्रांडेड सेगमेंट के साथ प्रतिस्पर्धा करना है। प्रत्येक ब्रांडेड हैंडबैग की बिक्री के ऊपर 30 से अधिक अनब्रांडेड बैग्स की बिक्री की जाती है। अनब्रांडेड सेगमेंट बेहद आकर्षक और किफायती प्राइस पॉइंट्स प्रदान करता है, लेकिन क्वालिटी के मामले में इसे कमतर आंका जाता है। वहीं, गारंटी या वॉरंटी की कोई अवधारणा नहीं है। जब इस सेगमेंट के लिए ब्रांडेड हैंडबैग्स की आवश्यकता थी, तब कोई भी ब्रांड ऐसा नहीं था, जो बेहतर क्वालिटी वाले ब्रांडेड विकल्प के साथ इस सेगमेंट में प्रवेश करने का साहस रखता हो। लेखी ने इसके बाद कहा, हमने कम कीमतों की तरफ कदम रखे हैं, कारण यह है कि ग्राहक किफायती कीमतों पर विश्वसनीय गुणवत्ता वाले हैंडबैग्स की तलाश में रहते हैं और हम इस जरूरत को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनोकी के इस अनूठे प्रस्ताव के बारे में बात करते हुए विक्की आहूजा, डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, बैगिट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, हम एनोकी हैंडबैग्स और एक्सेसरीज़ को एक नो कॉम्प्रोमाइज प्रोडक्ट बनाना चाहते थे। एक ऐसा प्रोडक्ट, जो इस अनब्रांडेड सेगमेंट की कीमत से मेल खाता हो, लेकिन क्वालिटी के हर पहलू पर खरा उतरता हो। हमने एक हैंडबैग के लिए 499 रुपए से शुरू होने वाली कीमतों के साथ एनोकी को बनाया है, साथ ही हम अपने ग्राहकों को 6 महीने की वॉरंटी का आश्वासन भी प्रदान करते हैं।



# स्टाइलिश लुक के लिए नेट की साड़ियां



**नेट ऐसा फैब्रिक है जो हर किसी पर अच्छा लगता हैं। नेट का झीना फैब्रिक आपको क्लासी और एलिगेंट लुक देता है साथ ही कैरी करने में भी आसान है। यह साड़ियां लेटेस्ट ट्रेंड में भी हैं। इसमें आप बेहद खूबसूरत भी दिखाई देंगी।**

### रफेल नेट साड़ी

यह साड़ी सबसे लेटेस्ट डिजाइन है खासकर जो महिलाएं साड़ी में मॉडर्न लुक चाहती हैं उनको तो यह डिजाइन बेहद पसंद आएगी। इस साड़ी के साथ आपको ग्लॉसी मेकअप कॉम्प्लीमेंट करेगा। इसके साथ आप पर्ल या पोल्की जूलरी कैरी कर सकती है। साड़ी के कलर से मैच करता हुआ अनकट स्टोन जूलरी भी ट्राई कर सकती हैं। लिपस्टिक शेड शियरी या न्यूड ट्राई करें यह आपका लुक अलग शो करेंगे। इसके साथ नेकलेस ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। अगर साड़ी रफेल में है तो कट स्लीव्स ब्लाउज भी सूट करेगा या ब्लाउज में भी रफेल का यूज कर सकती हैं रफेल या फ्रिल के साथ ओपन हेयर्स या साइड ओपन हेयर स्टाइल अच्छी लगती है। यह साड़ी आपको 1500-2000 तक में मिल जाएगी।

### शियर फैब्रिक नेट साड़ी

शियर फैब्रिक की साड़ियां बहुत कूल कलर में आती हैं। अगर आपका फिगर भी परफेक्ट है तो आप नेट की शियर फैब्रिक साड़ी ट्राई कर सकती हैं। नेट की शियर फैब्रिक की साड़ियां कटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण जैसी बॉलीवुड एक्ट्रेसेस भी ट्राई कर चुकी हैं। अगर आप भी नेट शियर फैब्रिक साड़ी ट्राई कर रही है तो इसके साथ आप चांदबाली कैरी करें ओपन हेयर स्टाइल अपनाएं।

### वर्क वाली नेट साड़ी

अगर आप नेट की वर्क वाली साड़ी ट्राई करने की सोच रही हैं तो इसके साथ आप स्टोन वर्क वाली जूलरी ट्राई कर सकती हैं। इसके साथ आप ग्लॉसी बेस और मेकअप करें। फुल वर्क नेट साड़ी के साथ साटन फैब्रिक का ब्लाउज मैच करेगा। आप स्लीवलेस या फुल स्लीव्स ट्राई कर सकती है। यह साड़ी आपको 2000-5000 तक में आसानी से मिल जाएगी। इसके साथ पोल्की या फिर डायमंड जूलरी ट्राई करें।

### फ्लोरल नेट साड़ी

नेट फ्लोरल डिजाइन साड़ी हर महिला को सूट करती है। यह साड़ियां आपको किसी भी ओकेजन पर सेंटर ऑफ अट्रेक्शन बना सकती हैं। अगर आप भी फ्लोरल नेट साड़ी कैरी करने का प्लान कर रहीं हैं तो इसके साथ आप पोल्की के अलावा कुंदन और अनकट स्टोन जूलरी ट्राई कर सकती हैं। मेकअप बेस ग्लॉसी और लिप कलर बोल्ड कॉम्प्लीमेंट करेगा। यह साड़ी आपको 2000-3000 में मिल जाएगी। इसके साथ आप स्लीवलेस या प्लेन ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

# फेशियल जैसा ग्लो पाएं फेस मास्क से

**कोरियन ब्यूटी प्रोडक्ट स्किन को बहुत सॉफ्टली हाइड्रेट करते हैं ऑनलाइन या ऑफलाइन यह आपको आसानी से मिल जाते हैं। कोरियन रबर फेस मास्क आपकी स्किन को हाइड्रेट करने के साथ ही उसमे कोलेजन को भी इम्प्रूव करता है। यह यूज करने में आसान है और इसके बेनिफिट्स ज्यादा है।**

### कैसे करें प्रयोग

अगर आप घर पर कोरियन फेस मास्क इस्तेमाल कर रही हैं तो सबसे पहले अपनी स्किन को अच्छे से साफ करे। स्किन को अगर स्क्रब नहीं किया है तो स्क्रब कर लें। अब एक कटोरी में फेस मास्क पाउडर और लिक्विड मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिलाएं और ब्रश या साफ हाथों से फेस और गले पर समान रूप से लगाएं। इस पैक को लगभग 20 मिनट तक लगा रहने दें। 20 मिनट में यह सूख जायेगा सूखने के बाद इसको आराम से पील ऑफ करें। फेस मास्क हटाने के बाद फेस सीरम या हाइड्रेटिंग मॉश्चराइजर अप्लाई करें।



### खासियत

कोरियन रबर फेस मास्क स्किन को हाइड्रेट करता है पानी में घुलने के बाद यह जैली या क्ले जैसा हो जाता है। यह स्किन को हाइड्रेट करने के साथ ही स्किन में मौजूद नमी को लॉक कर देता है। यह स्किन हाइड्रेट करने के साथ ही स्किन को डिटॉक्स भी करता है। इसकी बहुत सी वेरायटी मार्केट में मिल जाएगी। आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से ले सकती हैं।

### फायदा

रबर फेस मास्क स्किन को हाइड्रेट करने के साथ ही कोलेजन भी स्किन को प्रोवाइड करता है क्योकि इसमें कोलेजन पाउडर भी होता है। इसमें हाइड्रेटिंग इंग्रेडिएंट और एमिनो एसिड पाया जाता है जो आपकी स्किन को हाइड्रेट करने के साथ ही स्किन को सप्पल और यंग बनाने में मदद करते हैं।यह स्किन के पीएच बैलेंस को ठीक रखता है। स्किन को स्पॉटलेस और ग्लोइंग बनाता है। यह एजिंग की परेशानी को भी दूर करता है। स्किन पोषण भी देता है जिससे स्किन थकी हुई नहीं दिखती।

# चेहरे के हिसाब से चुनें लिप कलर

अगर आप सही लिपस्टिक का चुनाव करना चाहती हैं तो जरूरी है कि अपनी स्किन टोन का ख्याल रखें। तभी परफेक्ट शेड की लिपस्टिक मिलेगी, जो चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाएगी। कई बार महिलाएं गलत लिप शेड का चुनाव कर लेती हैं। जिसकी वजह से पूरे चेहरे का लुक बिगड़ जाता है। अगर आपको सही लिप शेड को चुनने में दिक्कत आ रही हैं तो इन बातों का ध्यान रखें। जिससे की सही लिपस्टिक खरीद सकें।

ध्यान रहे कि हमेशा स्किन टोन से मैच करती लिपस्टिक ही खरीदना चाहिए। जैसे कि वार्म स्किन टोन पर वार्म कलर के शेड और न्यूट्रल स्किन टोन पर न्यूट्रल कलर के शेड ही फबते हैं। भले ही टैनिंग की वजह से आपका स्किन कलर थोड़ा बदल गया हो लेकिन अंडरटोन से मैच करती लिपस्टिक चेहरे को खूबसूरत बनाएगी। तो चलिए जानें किस तरह से अपने चेहरे के लिए सही लिप शेड का चुनाव करें।

**फेयर स्किन विद कूल अंडरटोन**

सफेद त्वचा भी कई अंडरटोन के साथ होती है। अगर अंडरटोन ब्लू या पर्पल है तो इस तरह के चेहरे पर मॉव कलर की लिपस्टिक खूबसूरत लगती है। साथ ही न्यूट्रल शेड में पिंक शेड की अच्छे लगते हैं। अगर इस त्वचा वाली महिलाएं डार्क कलर के लिप शेड लगाना चाहती हैं तो क्रिमसन रेड और बेरी टोन लिपस्टिक परफेक्ट लुक देगी।

**फेयर स्किन वार्म अंडरटोन के साथ**

कुछ महिलाओं की स्किन वार्म यानी पीले अंडरटोन के साथ होती है। इस तरह की त्वचा पर पिंक और ब्राउन शेड की लिपस्टिक खूबसूरत लगती है। साथ ही स्टेटमेंट लिप कलर के लिए ऑरेंज रेड और रेड ब्राउन कलर खूबसूरत लगते हैं।



**न्यूट्रल अंडरटोन**

अगर आपकी स्किन न्यूट्रल अंडरटोन या फिर ऑलिव कलर की है तो इस तरह की स्किन पर ब्राइट कलर जैसे कोरल, लाल या हॉट पिंक अच्छे लगते हैं। वहीं डार्क कलर के लिप शेड में डीप प्लम और डार्क बेरी कलर की लिपस्टिक जंचती है।

**मीडियम स्किन टोन**

अगर स्किन का कलर मीडियम है तो बहुत लाइट या फिर हल्की कलर की लिपस्टिक लगाने से बचें। ऐसी लिपस्टिक बहुत ही जल्दी आपकी त्वचा की रंगत को फीका बना देगी। इस तरह की स्किन पर पर्पल रेड, वाइन, रोज पिंक जैसे कलर अच्छे लगते हैं।

**डार्क स्किन टोन**

अगर आपकी स्किन डार्क है लेकिन अंडरटोन कूल है तो आपको प्लम, कूल रेड और बेरी कलर के लिप शेड को खुद के लिए चुनना चाहिए। वहीं अगर अंडरटोन वार्म है तो इस तरह के चेहरे पर डार्क ब्राउन, कूल रेड, गुलाबी, कोरल और हल्के ब्राइट कलर की लिपस्टिक का चुनाव करें। जिसे चेहरे की रंगत और भी ज्यादा निखरी हुई दिखे।






# घने बाल के लिए अप्लाई करें मेथी दाना

**मेथी दाने की ताकत को तो आयुर्वेद भी मान चुका है। ये छोटे-छोटे से पीले रंग के बीज इतने शक्तिशाली होते हैं कि ये कई तरह के रोगों से राहत दिला सकते हैं। लेकिन इनके फायदे सिर्फ यहीं खत्म नहीं होते, बल्कि ये बालों में भी नई जान डाल सकते हैं। बस आपको ये पता होना चाहिए कि इनका इस्तेमाल कैसे करना है? इसी से जुड़े हम कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जो आपको हेयर फॉल से छुटकारा दिलाकर, घने और मोटे बाल पाने में मदद कर सकते हैं। इनके लगातार इस्तेमाल से आपके बालों में ऐसी चमक और दमक आ जाएगी कि देखने वाले भी इसका राज पूछने लगेंगे।**

### कैसे बालों को फायदा पहुंचाता है मेथी दाना

मेथी दाना आयरन और प्रोटीन में रिच होता है। ये दोनों ही चीजें बालों के लिए जरूरी हैं। यही वजह है कि ये दाने बालों से जुड़ी कई समस्याओं जैसे हेयर फॉल, डैंड्रफ, रूखे बेजान बाल आदि से छुटकारा दिला सकते हैं।

- मेथी दाने का पानी पिएं और लगाएं
- सुबह खाली पेट पिएं पानी
- एक मुट्ठी माथी दाने को रातभर के लिए पानी में भिगो दें।
- इसे सुबह छानने के बाद पिएं। पानी को खाली पेट पीना है।
- मेथी दाने के पानी को छानने के बाद एक स्प्रे बॉटल में भर लें।
- सुबह इसे बालों पर हेयर स्प्रे की तरह अप्लाई करें। बालों को शाम में धो लें।



### खाने में कैसे करें शामिल

मेथी दाना को खाने में अलग-अलग तरह से शामिल करके भी इसके पोषक तत्वों का लाभ लिया जा सकता है।

**सलाद में**

रात में भिगोए गए मेथी दाने सलाद में डाले जा सकते हैं। इसके साथ ही इन्हें सैलेड सॉस में भी मिलाया जा सकता है।

**सीजनिंग के रूप में**

दाल और सब्जी में मेथी दानों का सीजनिंग के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आपको इन सीड्स को हल्का सा सेंक लेना है। इसे ठंडा होने पर एक शीशी में भर लें और फिर यूज करें।

**मसाले में मिलाएं**

सूखे हुए मेथी दाने को पाउडर फॉर्म में पीस लें और फिर इन्हें अपने स्पाइस मिक्सचर में मिला लें। इस मसाले का इस्तेमाल किसी भी डिश में करें।

### बालों पर कैसे लगाएं

- मुट्ठीभर मेथी दाने को एक कप पानी में रातभर के लिए भिगा दें। सुबह गैस पर इन दानों व पानी को उबाल लें।
- उबलने के बाद इन्हें ठंडा होने दें और फिर दानों को मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें।
- मेथी दाना के बचे हुए पानी में 3-4 गुड़हल की पत्तियां और फूल डालें।
- पेस्ट और पानी को मिक्स कर तैयार हुए पेस्ट को स्कैल्प पर लगाएं और 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें।
- हल्के गर्म पानी और माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें। इस हेयर मास्क को सप्ताह में दो बार लगाएं।

### लंबे और चमकदार बालों के लिए

- दो टेबलस्पून मेथी दानों को रातभर के लिए पानी में भिगो दें।
- सुबह इसका पेस्ट बना लें। दानों को अच्छा टेक्सचर देने के लिए उसमें मेथी दाने के पानी का उपयोग करें।
- तैयार पेस्ट में एक टेबलस्पून गाढ़ा कोकनट मिल्क मिलाएं।
- इस मिक्स को लगाकर स्कैल्प की मसाज करें और 30 मिनट लगा छोड़ दें। बाद में हेयर वॉश कर लें।
- हेयर मास्क का सप्ताह में दो बार उपयोग करें।



# एनिमल ने सुपरस्टार्स में लाकर खड़ा कर दिया रणबीर को

बालीवुड एक्टर रणबीर कपूर को एनिमल की धुआंधार कामयाबी ने सबसे बड़े भारतीय सुपरस्टार्स में लाकर खड़ा कर दिया है। भारत ही नहीं, विदेशों में भी एनिमल की कमाई तेज गति से आगे बढ़ रही है। थिएटर्स में फिल्म जिस तरह का बिजनेस कर रही है, वो सीधा शाहरुख खान की दो बड़ी ब्लॉकबस्टर पठान और जवान के स्तर पर है।
निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने रणबीर को जिस खूंखार अवतार में स्क्रीन पर पेश किया है, उसका जलवा जनता को लगातार थिएटर्स में खींच रहा है। फिल्म की पॉपुलैरिटी का कमाल ये है कि 11 दिन में फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 737 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया। 12वें दिन रणबीर की फिल्म 750 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है और इसने एक नया रिकॉर्ड बना लिया है। एनिमल ने 12 दिन के अंदर कनाडा में 5.28 मिलियन डॉलर (44 करोड़ रुपये) का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है।
रणबीर की फिल्म ने इस आंकड़े तक पहुंचते हुए शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर जवान को भी पीछे छोड़ दिया है। जवान ने कनाडा में 5.27 मिलियन डॉलर का बिजनेस किया था। अब एनिमल कनाडा में दूसरी सबसे बड़ी भारतीय फिल्म बन चुकी है।एनिमल ने 11 दिन में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 401 करोड़ रुपये से ज्यादा नेट कलेक्शन कर लिया। शाहरुख की जवान ने भी इतने ही दिन में इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ का आंकड़ा पार किया था और अब ये दोनों फिल्में सबसे तेज इस माइलस्टोन तक पहुंचने वाली फिल्में हैं।
ट्रेड रिपोर्ट्स कहती हैं कि एनिमल ने 12वें दिन इंडिया में करीब 13 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है। इसके साथ भारत में फिल्म का नेट कलेक्शन 458 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। 12 दिन बाद सिर्फ हिंदी वर्जन से एनिमल करीब 412 करोड़ रुपये कमा चुकी है। अभी कनाडा में सबसे बड़ी भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड शाहरुख की पठान के नाम है, जिसने 6 मिलियन डॉलर (50 करोड़ रुपये से ज्यादा) का बिजनेस किया था। लेकिन अब जल्दी ही रणबीर की फिल्म, शाहरुख की इस फिल्म को भी पीछे छोड़ देगी और रणबीर कनाडा में सबसे बड़े इंडियन सुपरस्टार बन जाएंगे।

# ऑडियो फॉर्मेट बहुत अधिक बोझिल और चुनौतीपूर्णः मसाबा

## कहानी कहने के ऑडियो फॉर्मेट पर की खुलकर बात



एक्ट्रेस नीना गुप्ता की बेटी और मशहूर फैशन डिजाइनर और अभिनेत्री मसाबा गुप्ता ने कहानी कहने के ऑडियो फॉर्मेट पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह बहुत अधिक बोझिल और चुनौतीपूर्ण है। हिंदी ऑडिबल ऑरिजिनल पॉडकास्ट सीरीज मार्वल्स वेस्टलैंडर्स - ब्लैक विडो में ब्लैक विडो/हेलेन ब्लैक की आवाज के रूप में करीना कपूर खान, लिसा कार्टराईट के रूप में मसाबा, जॉर्डन टेम्पल के रूप में विहान समत, येलेना बेलोवा के रूप में अदा शर्मा, जूडी क्रेट्ज के रूप में नीतू चंद्रा और के.आई.एम के रूप में अदिति भाटिया शामिल हैं। एक बातचीत में मसाबा ने कहा कि उन्हें यह माध्यम दिलचस्प लगा क्योंकि उनका ऑडियो आम तौर पर किसी वीडियो प्रारूप का अनुसरण करता है। मसाबा ने कहा, यह नया था क्योंकि आप ऑडियो के माध्यम से दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। यह बहुत अधिक कठिन और चुनौतीपूर्ण है क्योंकि ऐसा नहीं है कि लोग किसी चीज को समझने के लिए दृश्य का सहारा ले सकते हैं। मुझे यह चुनौतीपूर्ण भी लगा क्योंकि इसमें कोई संदर्भ नहीं था। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगता है। यह मेरे लिए आश्चर्य की बात है लेकिन मैं कहानी कहने की इस नई पीढ़ी और नई परत के खुलने के लिए उत्साहित हूं।
करीना के साथ काम करने पर एमटीवी सुपरमॉडल ऑफ द ईयर के जज ने कहा, यदि आप एक ही कहानी में हैं तो आपको एक ही लाइन पर चलना होगा। मेरा मतलब है कि जब आप विशेष रूप से आवाज रिकॉर्ड कर रहे हों तो ही ऐसा हो सकता है। चाहे मैं अलग-अलग बैंडविड्थ पर बोल रही हूं और वह अलग-अलग बैंडविड्थ पर बोल रही हो, भले ही हमारे किरदार अलग-अलग हों, हमें उसका मिलान करना होगा। उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि यह काम कर गया। इस प्रोजेक्ट के लिए हां कहने का मेरा बड़ा कारण यह था कि करीना ब्लैक विडो का किरदार निभा रही हैं।



# स्ट्रीमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग में नजर आएंगी रवीना टंडन

बालीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन स्ट्रीमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग में नजर आएंगी। एक्ट्रेस विश्वासघात से भरी चकाचौंध और ग्लैमर की दुनिया में इंद्राणी कोठारी की भूमिका निभाएंगी। सीरीज के बारे में बात करते हुए रवीना टंडन ने कहा, इंद्राणी कोठारी का मानना है कि दुनिया उनका मंच है। मैंने बहुत लंबे समय से ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया है।
कर्मा कॉलिंग निश्चित रूप से जो दिखता है, उससे कहीं अधिक है और यह अमीरों की दुनिया के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता है। इंद्राणी की भूमिका निभाने से मुझे एक अभिनेत्री के रूप में खुद को और अधिक तलाशने में मदद मिली। यह पहले कभी नहीं देखी गई और पहले कभी नहीं की गई भूमिका है और मैं दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार कर रही हूं। रुचि नारायण के साथ सहयोग करना असाधारण रहा है। निर्देशक रुचि नारायण ने कहा, कर्मा कॉलिंग बेहद अमीर और संपन्न कोठारी परिवार और उनकी दुनिया में उनके इर्द-गिर्द रची गई साजिशों की पृष्ठभूमि पर आधारित है।
सीरीज में भव्यता और ग्लैमरस दृष्टिकोण है, जिसकी कहानी बदला, धोखे, विश्वासघात को बुनती है और कोठारी परिवार के अनुभवों को भी दर्शाती है। सीरीज निश्चित रूप से आपके लिए आनंददायक होगी और आपको और अधिक देखने के लिए लालायित कर देगी। रवीना टंडन और डिज्नी प?लस हॉटस्टार के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। आर.ए.टी फिल्म्स द्वारा निर्मित कर्मा कॉलिंग 26 जनवरी, 2024 को डिज्नी प?लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। बता दें कि यह सीरीज अमेरिकी मूल सीरीज रिवेंज पर आधारित है, जो 2011-2015 तक प्रसारित हुई थी।

# वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज

वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज कर दिया गया है।' अक्षय कुमार स्टारर 'सम्राट पृथ्वीराज' से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा।' ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज आईएएफ अफसर अर्जुन देव के रोल में हैं। वहीं मानुषी छिल्लर राडार अफसर के किरदार में हैं। टीजर की शुरुआत में दिखाया गया है कि एयर फोर्स की एक टीम को किसी और देश में भेजा जा रहा है। पहले ही यह अंदेशा जता दिया जाता है कि एयर फोर्स को किसी और देश में भेजना युद्ध जैसी स्थिति पैदा करने जैसा है। आवाज आती है, 'अगर हम ऐसे ही बदला लेते रहे हो, देश नहीं बचेगा सिर्फ बॉर्डर रह जाएंगे।' वहीं एयर फोर्स पायलट बने वरुण तेज टीम से बोलते हैं, 'वक्त आ गया है कि हम दुश्मन को याद दिलाएं कि ये देश गांधी जी ही नहीं, सुभाष चंद्र बोस का भी है।' ऑपरेशन वैलेंटाइन' को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है।सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है।यह फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।




# सनी देओल की फिल्म सफर में कैमियो करेंगे सलमान खान!

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, सनी देओल की आने वाली फिल्म सफर में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। सनी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सफर की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सनी देओल जनवरी में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। सफर एक बेहद दिल छू लेने वाली फिल्म होने वाली है, जो सनी देओल और एक चाइल्ड आर्टिस्ट की अलग-अलग मुश्किलों से भरे सफर की कहानी होगी। सनी देओल चाहते थे कि सलमान फिल्म में कैमियो करें। इसके लिए उन्होंने खुद कॉल कर उनसे कैमियो की रिक्वेस्ट की थी। सलमान खान कॉल पर ही फिल्म के लिए राजी हो गए। सलमान खान जनवरी 2024 में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। उनका शूटिंग शेड्यूल महज 1 दिन का होगा। फिल्म में सलमान रियल लाइफ के सुपरस्टार सलमान खान बनकर ही नजर आएंगे।सलमान खान और सनी देओल फिल्म जीत में साथ काम कर चुके हैं।फिल्म सफर को विशाल राणा, एकलॉन प्रोडक्शन बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं।



# विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी

विद्युत जामवाल और नोरा फतेही स्टारर फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गयी है। नोरा फतेही इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ नजर आयेंगी। फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर नोरा बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं।फोटोज शेयर करते हुए नोरा फतेही ने कैप्शन में लिखा, क्रैक की शूटिंग खत्म। पूरी टीम के साथ मेरा अनुभव बहुत ही खास रहा। मुझे एक लीड के रूप में लेने के लिए आदित्य दत्त, विद्युत जामवाल और पूरी टीम को शुक्रिया। मैंने सेट पर बहुत कुछ सीखा है और मैं दुनिया के इस फिल्म के देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज हो रही है।



# डंकी और सालार की होगी बडी टक्कर

बालीवुड स्टार शाहरुख खान की डंकी और प्रभास स्टारर सालार को लेकर जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। दोनों बड़े बजट की फिल्में हैं। इन फिल्मों के कलेक्शन पर सभी की निगाहें हैं। इन दोनों फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी टक्कर होने वाली है। पहले सालार सितंबर में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे बढ़ाकर दिसंबर में कर दिया गया। उम्मीद जताई जा रही हैं कि दोनों ही फिल्में अच्छा कलेक्शन करेंगी लेकिन क्या टकराव से उनके कलेक्शन पर फर्क पड़ेगा इस पर ट्रेड एक्सपर्ट क्या कहते हैं इस रिपोर्ट में बताते हैं। क्रिसमस पर बॉक्स ऑफिस पर पैसा ही पैसा बरसने वाला है क्योंकि दो बड़े स्टार्स की फिल्में आने वाली हैं। राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म डंकी में शाहरुख मुख्य भूमिका में हैं। इस साल यह उनकी तीसरी फिल्म है। पहले दोनों फिल्में पठान और जवान ब्लॉकबस्टर हुईं तो डंकी से भी काफी उम्मीदें हैं।
पहली बार शाहरुख और हिरानी साथ काम कर रहे हैं। ट्रेड एक्सपर्ट का मानना है कि



टकराव से दोनों फिल्मों को नुकसान होगा और यह पठान-जवान जैसा कलेक्शन नहीं कर पाएगी। इस बारे में ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने कहा, मुझे यकीन है कि अकेले रिलीज की तुलना में शुरुआती वीकेंड थोड़ा कम रहेगा। दोनों फिल्में एक दूसरे के बिजनेस को नुकसान पहुंचाएंगी और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड संख्या दर्ज करने की संभावना नहीं है। जब फिल्म सिंगल रिलीज होती है तब आमतौर पर रिकॉर्ड टूटते हैं। एक ही समय में दो बड़ी फिल्मों के आने से यह बंट जाता है। दोनों फिल्मों की ओपनिंग जवान, पठान या आरआरआर के लेवल की नहीं होगी। आने वाले समय में अगर अच्छा वर्ड ऑफ माउथ रहा तो फिल्मों को फायदा होगा और नंबर बढ़ सकते हैं।
यह फिल्म के विषय पर निर्भर करेगा। हिंदी बेल्ट में शाहरुख बहुत बड़े स्टार हैं। एक अन्य ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन ने कहा, नॉर्थ में डंकी एग्जीबिटर्स की पहली पसंद बनी रहेगी। इसमें कोई शक नहीं है। शाहरुख की दो बड़ी हिट के बाद यह फिल्म आ रही है। जबकि प्रभास के लगातार फ्लॉप के बाद सालार आ रही है। इस वजह से जाहिर है शाहरुख की फिल्म को अधिक शोज मिलेंगे। कम से कम शुरुआती हफ्तों में तो यही होने वाला है। उसके बाद यह वर्ड ऑफ माउथ पर निर्भर करेगा।

# नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के ढाई लाख फ्लैटों की होगी रजिस्ट्री

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक से नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के नागरिकों के लिए एक खुश खबरी आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक ने बिल्डर-बायर्स विवाद पर अमिताभ कांत की रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है। कैबिनेट के इस फैसले से नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के कम से कम ढाई लाख फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री होने का रास्ता खुल गया है।



आपको बता दें कि नोएडा- ग्रेटर नोएडा और एनसीआर के लाखों लोगों के लिए मंगलवार को खुशी की खबर आई है। यूपी सरकार ने नीति आयोग के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ कांत की रिपोर्ट पर मुहर लगा दी।

इसके तहत रियल एस्टेट के रेजीडेंशियल प्रोजेक्ट्स के डेवलपर को दो साल का जीरो पीरियड दिया गया है। इस जीरो पीरियड का ब्याज डेवलपर को नहीं देना होगा। ऐसे में बकाया जमा न करने वाले डेवलपर्स के प्रोजेक्ट में रहने वाले लाखों लोगों के फ्लैटों की रजिस्ट्री हो सकेगी। सरकार के इस निर्णय से न सिर्फ घर खरीददारों को राहत मिली है बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर को भी एक पॉजिटिव संदेश दिया गया है। जानकारों की मानें तो इससे रियल एस्टेट सेक्टर को भी सीधा लाभ होगा।

### क्यों रूकी थी रजिस्ट्री

यहां यह बताना जरूरी है कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा तथा यमुना प्राधिकरणों ने यह नियम बना रखा है कि जब तक बिल्डर नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तथा यमुना प्राधिकरणों के बकाए का भुगतान नहीं करते तब तक उनके प्रोजेक्ट की रजिस्ट्री नहीं की जा सकती है। जब तक बिल्डर के नाम रजिस्ट्री नहीं होती तब तक वह खरीददार को रजिस्ट्री नहीं कर सकता। मंगलवार को लखनऊ में हुई कैबिनेट की बैठक में फैसले के बाद इस समस्या के समाधान की उम्मीद है। कैबिनेट के फैसले का नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के नागरिकों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है।

# 'यूपी जोड़ो यात्रा' कांग्रेस के लिये बनेगी वरदान : योगी जाटव




**नोएडा ( चेतना मंच )।** यूपी जोड़ो यात्रा से कांग्रेस के कुनबे में काफी इजाफा होगा। भारत जोड़ा यात्रा की तर्ज पर यह यूपी जोड़ो यात्रा पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव में मील का पत्थर साबित होगा। यह दावा किया कांग्रेस के प्रदेश सचिव व यूपी जोड़ो यात्रा के जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी योगी जाटव ने। वे सेक्टर-58 विशनपुरा में कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

मालूम हो कि यह यात्रा आज यूपी जोड़ो यात्रा 20 दिसंबर 2023 से सहारनपुर से शुरू होकर मुज़फ़्फ़रनगर, बिजनौर, अमरोहा मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर होते हुए 12 जनवरी 2024 को लखनऊ में समापन होगा। जिसने प्रदेश भर के हजारो कार्यकर्ता रात दिन पैदल चलेंगे।

इस अवसर पर पहली बार नोएडा पधारने पर नवनियुक्त प्रभारी का महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओ व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, पीसीसी सदस्य देवेंद्र भाटी, ओबीसी प्रकोष्ठ महासचिव उर्मिला चौधरी, पीसीसी सदस्य रिज़वान चौधरी जि़ला उपाध्यक्ष रामभरोसे शर्मा सोशल मीडिया जि़ला अध्यक्ष हेमचंद नागर,दलित कांग्रेस जि़ला अध्यक्ष धर्म सिंह वाल्मीकि,पीसीसी सदस्य सोनू प्रधान, महानगर उपाध्यक्ष डॉ सीमा,जीतू शर्मा, सचिव आशुतोष पडरू,आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 15 वर्ष पुराने मामले का किया निस्तारण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0)/एफ0टी0सी0 की पीठासीन अधिकारी श्रीमती नूपुर श्रीवास्तव ने उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित प्राचीन फौजदारी वाद का निस्तारण किया।



न्यायालय सिविल जज में विचाराधीन प्राचीन फौजदारी मुकदमा अपराध संख्या 66/2008 अन्तर्गत धारा 223, 224, 225, 216,120बी भा0द0सं थाना-फेस 2 सरकार बनाम छत्रपाल आदि से संबंधित पत्रावली का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर किया गया। उपरोक्त पत्रावली में 15 अभियुक्तगण थे जिनमें से मुख्य अपराधी छत्रपाल पुत्र सत्यपाल निवासी बैलाना थाना ककौड़ का निवासी है।उक्त मुकदमा वर्ष 2008 से लम्बित है।

वर्ष 2008 में अभियुक्त छत्रपाल 04.02.2008 को न्यायालय में अन्य मुकदमें में पुलिस द्वारा पेश करने हेतु लाया गया था। जिस दौरान अभियुक्त छत्रपाल पुलिस की हिरासत से हथकड़ी खोल कर भाग गया था। उक्त पत्रावली पर मुख्य अभियुक्त छत्रपाल के सम्बन्धी एवं दो कांस्टेबल भी आरोपी थे, जिनके विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण उपरोक्त अभियुक्तगण को दोषमुक्त किया गया एवं मुख्य अभियुक्त छत्रपाल के विरूद्ध धारा 224 भा0द0सं0 के अंर्तगत अभियुक्त को 02 वर्ष को साधारण कारावास व 3000/- रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया।

उक्त पत्रावली जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में लगभग 15 वर्ष से लम्बित थी जिसे उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसका गंभीरता से संज्ञान लेते हुए न्यायालय सिविल जज (सी0डि0)/एफ0टी0सी0 की पीठासीन अधिकारी श्रीमती नूपुर श्रीवास्तव द्वारा निस्तारण किया गया।

# मेंटेनेंस कार्यों में लापरवाही पर जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने मंगलवार को सेक्टर 2 का निरीक्षण किया। सेक्टर 2 में मौके पर मेंटेनेंस के कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित फर्म पारस कंस्ट्रक्शन पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं, सड़कों पर मलबा डालने वाले 10 आवंटियों पर भी 40 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक जुर्माना लगाया गया है।



ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेक्टर 2 और 3 के निवासी समस्याओं को लेकर प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से मिले थे। सीईओ के निर्देश पर मंगलवार को एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने सेक्टर 2 का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान सेक्टर 2 में मेंटेनेंस के कार्यों में लापरवाही दिखी। नालियां और पटरी ड्रेसिंग क्षतिग्रस्त मिलीं। मेंटेनेंस से जुड़े अन्य कार्यों में भी लापरवाही दिखी , जिसके चलते एसीईओ ने संबंधित फर्म पारस कंस्ट्रक्शन पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। वर्क सर्किल 3 की तरफ से मंगलवार शाम को ही इस आशय की नोटिस जारी कर दी गई है। एसीईओ के निरीक्षण के दौरान सेक्टर 2 में कई जगह सड़कों पर मलबे का ढेर दिखा। घरों के निर्माण से निकलने वाले मलबे को आवंटियों ने सड़कों पर फेंक दिया है। एसीईओ ने इन आवंटियों को चिन्हित कर जुर्माना लगाने का आदेश दिया। वर्क सर्कल तीन के इंजीनियरों ने 10 आवंटियों को चिन्हित कर 40 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया दिया है। प्राधिकरण की तरफ से चेतावनी दी गई है, कि अगर कोई व्यक्ति सड़क पर मलबे का ढेर लगाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मेंटेनेंस कार्यों से जुड़ी फर्मों को भी लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वहीं एसीईओ ने सेक्टर 2 और 3 की समस्याओं को हल करने के लिए आगामी 26 और 28 दिसंबर को आरडब्ल्यूए तथा प्राधिकरण के सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों की ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ऑफिस में बैठक बुलाई है। इससे पहले 21 दिसंबर को एसीईओ सेक्टर 3 का विजिट करेंगी । विजिट के दौरान वर्क सर्किल 3 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान व आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गौतमबुद्ध विवि में 370 विदेशी छात्रों को दी गई डिग्रियाँ

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। ग्रेटर नोएडा का गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों की पहली पसंद बन गया है। विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों को शैक्षणिक सत्र 2012-13 से प्रवेश देना शुरू किया गया था। पहले ही वर्ष बौध अध्ययन एवं सभ्यता संकाय के एमए, एमफील एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में 39 विदेशी छात्रों ने दाखिला लिया था जिसमें वियतनाम के 31, म्यांमार के 8 थे।**

**इस वर्ष होने वाले दीक्षान्त समारोह लगभग 370 विदेशी छात्र-छात्राओं को डिग्री दी जाएगी जिसमें विशेष रूप से वियतनाम, म्यांमार, लाओस, कंबोडिया, कोरिया, चीन, ताइवान, यमन, यूएसए, कनाडा, सुरीनाम, श्रीलंका, अफगानिस्तान, भूटान, मंगोलिया आदि से हैं। यह इस बात का दर्शाता है कि गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ने कम समय में अपनी एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी एक विशेष जगह बना ली है। दीक्षान्त समारोह के अवसर पर लगभग 370 विदेशी छात्रों को उपाधियाँ दी जाएगी। इनमें सबसे अधिक छात्र वियतनाम और म्यांमार से है।**

**जीबीयू के कुलपति प्रो रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को भारत में बौध अध्ययन की शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफ़ॉर्म प्रदान किया है और उन्हें साथ ही बौध अध्ययन के साथ अन्य विषयों में भी उच्च शिक्षा के लिए अवसर प्रदान किया है।**

# नोएडा में बहेगी शास्त्रीय व लोक संगीत की बयार

गौतमबुद्धनगर ।नोएडा में आने वाले 5 दिनों तक शास्त्रीय एवं लोक संगीत की बयार बहेगी। उत्तर प्रदेश पर्व 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' के अंतर्गत नोएडा में संस्कृति उत्सव-2023 का बड़ा आयोजन किया जाएगा। संस्कृति उत्सव-2023 में प्रतिभाग करने के इच्छुक कलाकार 20 दिसंबर 2023 तक ऑन लाइन व ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन देश की संस्कृति व लोक कलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार काम कर रही है। शास्त्रीय एवं लोक संगीत की उपयुक्त पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के सभी अंचलो में कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार मंच प्रदान करते हुए उनको प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' के अंतर्गत 'संस्कृति उत्सव-2023' को लेकर 25 से 30 दिसंबर 2023 तक तहसील मुख्यालय, 01 से 05 जनवरी 2024 तक जनपद मुख्यालय तथा 10 से 15 जनवरी 2024 तक मंडल मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के इच्छुक कलाकार 20 दिसंबर 2023 तक संस्कृति विभाग की वेबसाइट https://upculture.up.nic.in से आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर विभागीय मेल आईडी upcultureutsav@gmail.com पर अपना आवेदन कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए भी संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर विजिट करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संस्कृति उत्सव 2023 को जनपद में सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय समिति का भी गठन किया गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' के अंतर्गत 'संस्कृति महोत्सव' का आयोजन तहसील स्तर पर 25 से 30 दिसंबर 2023 तक करते हुए विजेताओं की सूची संबंधित पोर्टल/ईमेल आईडी एवं सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गौतमबुद्धनगर के मोबाइल नंबर 7302185032 पर उपलब्ध कराया जाए।

# एमिटी विवि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2023 का ग्रैंड फाइनल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सहयोग से प्रतिष्ठित दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 (सॉफ्टवेयर संस्करण) के ग्रैंड फाइनल का आयोजन किया गया जिसमें 32 टीमों के 194 छात्रों और 20 मार्गदर्शकों ने हिस्सा लिया जिन्होंने हैकथॉन में प्रतिस्पर्धा, गेम्स और खिलौने, फिनटेक और स्मार्ट ऑटोमेशन सहित विषयों के साथ 36 घंटे की नॉन स्टॉप सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास प्रतियोगिता आयोजित की गई और निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया।

इस स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 (सॉफ्टवेयर संस्करण) के ग्रैंड फाइनल का एमिटी विश्वविद्यालय में शुभारंभ भारत सरकार के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केन्द्र के महानिदेशक डा नवीन कुमार सिंह, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के डायरेक्टोरेट ऑफ आईटी एंड साइबर सिक्योरिटी के निदेशक डा सैबल के पाल, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा चयनीत नोडल सेंटर प्रमुख श्री




साजिदअली पठाण और एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला द्वारा किया गया।

भारत सरकार के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केन्द्र के महानिदेशक डा नवीन कुमार सिंह ने भारत सरकार द्वारा आयोजित हैकथॉन के प्रतिभागियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय की सराहना की और प्रतिभागियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने, संदेह होने पर पूछने में संकोच ना करने और जिन समस्याओं का सामना देश विभिन्न क्षेत्रों मे कर रहा है उनका समाधान खोजने की सलाह दी। उन्होनें कहा कि हैकथॉन यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि देश की शैक्षिक प्रणाली देश की वास्तविक गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए तैयार है क्योकी हैकथॉन युवा मस्तिष्कों को प्रेरित करने और युवाओं की उर्जा का उपयोग करने में मदद करता है। उन्होनें यह भी कहा कि सीखने की अवधारणा और सीखने के प्रतिमान बदल गये है अब नई तकनीकों के साथ इंटरनेट तक पहुंच से सभी को शिक्षा प्रदान की जाती है। इस हैकथॉन का उददेश्य भारत के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, बाधाओं को तो ?ना और भविष्य की प्रौद्योगिकियों को अपनाकर, देश को आत्मनिर्भर बनाना है। डा सिंह ने कहा कि हमें केवल आईटी सेवा प्रदाता बनने की बजाय अधिक आईटी उत्पाद कंपनियों की आवश्यकता है और स्टार्टअप भारतीय अभियानों के साथ हम इस लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होगें।

# नोएडा में पहुंचे बागेश्वर धाम वाले पं. धीरेन्द्र शास्त्री

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दुनिया भर में प्रसिद्ध कथावाचक बाबा बागेश्वर धाम वाले पं. धीरेन्द्र शास्त्री के नोएडा आने पर उनके श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। पं. धीरेन्द्र शास्त्री के दर्शन के लिए कुछ ही पलों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पं. धीरेन्द्र शास्त्री के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया।



आपको बता दें कि दुनिया भर में प्रसिद्ध कथा वाचक बाबा बागेश्वर धाम के पं. धीरेन्द्र शास्त्री का उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर से भी गहरा नाता है। नोएडा में उनके लाखों भक्त हैं। इन्हीं भक्तों में शामिल हैं नोएडा के फेस-1 स्थित नया गांव निवासी व वरिष्ठ भाजपा नेता रवि प्रधान। नोएडा निवासी रवि प्रधान ने ही वर्ष-2016 में पं. धीरेन्द्र शास्त्री की पहली कथा नोएडा में कराई थी। उसके बाद दुनिया भर में पं. धीरेन्द्र शास्त्री के भक्तों की संख्या लाखों में हो गयी थी। अपने पुराने भक्त रवि प्रधान के नोएडा स्थित नया गांव स्थित आवास पर बाबा बागेश्वर धाम के पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे। पं. धीरेन्द्र शास्त्री के नोएडा आने की सूचना मिलते ही नया गांव के ग्रामीणों सहित नोएडा में रहने वाले भक्त भाजपा नेता रवि प्रधान के आवास पर पहुंचे। भक्तों ने पं. धीरेन्द्र शास्त्री के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान कुछ भक्तों ने अपनी पर्ची निकालने का अनुरोध भी पं. धीरेन्द्र शास्त्री से किया।



नोएडा के नया गांव पहुंचे बाबा बागेश्वर धाम के पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने रवि प्रधान के आवास पर उपस्थित भक्तों से धर्म की रक्षा तथा सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने भक्तों से कहा कि सनातन संस्कृति के विस्तार को हमेशा रोकने का प्रयास किया गया है। लेकिन अब काल का चक्र घूमा है और हम सभी का दायित्व बनता है कि सनातन संस्कृति का विस्तार कर प्रेम, शांति तथा आपसी मेल-जोल को बढ़ावा दें।

### कथा के लिए गठित होगी समिति

**नोएडा के नया गांव पहुंचे पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने इस दौरान एक बड़ी घोषणा की। पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि एनसीआर में उनकी कथा के आयोजनों के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। कथा के लिए यही समिति सारी व्यवस्था करेगी और जब समिति की ओर से हरी झंडी मिलेगी तभी एनसीआर में कथा का आयोजन किया जाएगा।**

# बार एसोसिएशन चुनाव के लिए रजत शर्मा ने भरा नामांकन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के चुनाव में सचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे एडवोकेट रजत शर्मा ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के पश्चात उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का हित उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।



सूरजपुर जिला न्यायालय परिसर स्थित बाररूम में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र नागर को नामांकन पत्र सौंपने के पश्चात एडवोकेट रजत शर्मा ने कहा कि चुनाव जीतने के पश्चात उनकी प्राथमिकता उन अधिवक्ताओं को चैंबर दिलाने की रहेगी जिन्हें अभी तक चैंबर नहीं मिले हैं। इसके अलावा न्यायालय परिसर में बने अधिवक्ताओं के चैंबरों की हालत को और दुरुस्त कराया जाएगा। अधिवक्ताओं के लिए बनी लाइब्रेरी को अपडेट कराया जाएगा जिससे उन्हें अपनी प्रेक्टिस करने में और सहूलियत मिल सके। इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिए शौचालय तथा पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

बता दें कि ग्राम चौड़ा रघुनाथपुर निवासी एडवोकेट रजत शर्मा पिछले 14 वर्षों से सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय परिसर में प्रैक्टिस कर रहे हैं। कर्मठ, व्यवहार कुशल व मृदुभाषी रजत शर्मा को चुनाव में सभी वर्गों के अधिवक्ताओ का समर्थन मिलने का दावा किया जा रहा है। वहीं उनके समर्थक भी पूरे जोर शोर से प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं।